दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

नई दिल्ली। रविवार 15 मार्च -2026 | वर्ष : 11 अंक : 81 पेज-08 | RNI NO. DELHI/2015/65364 | मूल्य : ₹3




## एलपीजी की बढ़ती परेशानी से जनता को मिलेगी राहत

# शिवालिक और नंदादेवी जहाज ने होर्मुज स्ट्रेट कर लिया पार, 16 और 17 मार्च को पहुंचेंगे भारत



**नई दिल्ली:** भारत में एलपीजी संकट के बीच बहुत बड़ी राहत की खबर है। ईरान की ओर से भारतीय झंडे वाले टैंकरों को होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित निकलने देने की अनुमति के बाद भारत के दूसरे एलपीजी जहाज 'नंदा देवी' ने भी युद्ध से प्रभावित होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित पार कर लिया है। एलपीजी टैंकर 'शिवालिक' के बाद 'नंदा देवी' दूसरा जहाज है, जिसे ईरान ने कूटनीतिक चर्चाओं के बाद होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित निकलने दिया है। 'नंदा देवी' 46,000 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर भारत आ रहा है और होर्मुज स्ट्रेट से निकलने के बाद इसे भारतीय नौ सेना के जहाज द्वारा एस्कॉर्ट किया जा रहा है।

**भारतीय नौ सेना की निगरानी में भारत आ रहे जहाज :** सूत्रों का कहना है कि इंडियन नेवी का जहाज 'नंदा देवी' को भारत तक सुरक्षित लेकर आएगा। उम्मीद है कि यह जहाज अगले दो दिनों में भारत पहुंच सकता है। हालांकि, अभी यह जानकारी नहीं है कि यह मुंबई आएगा या गुजरात के कांडला बंदरगाह जाएगा। इससे पहले एक और एलपीजी टैंकर 'शिवालिक' को भी इसी तरह से सुरक्षित होर्मुज स्ट्रेट पार करने दिया गया।

**कांडला बंदरगाह में 22 जहाजों को हैंडल करने का इंतजाम :** तनाव के माहौल में होर्मुज स्ट्रेट से गुजरकर भारत आने वाला पहला जहाज लाइबेरिया का था, जो सीधे मुंबई पहुंचा था। लेकिन, उसके बाद कांडला बंदरगाह में 72 घंटों के अंदर 22 जहाजों को हैंडल करने का इंतजाम किया गया है।

**46,000 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर आ रहा 'नंदा देवी' :** उधर जानकारी के अनुसार 'नंदा देवी'46,000 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर आ रहा है। भारत के कई इलाकों में इस समय जिस तरह से एलपीजी की किल्लत बताई जा रही है, ऐसे मौके पर देश के लिए ईरान से बात करके इस तरह से होर्मुज के रास्ते एलपीजी टैंकर ले आना बहुत बड़ी उपलब्धि है।

**ईरान से होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते अबतक भारत पहुंचे जहाज :** ईरान युद्ध के बाद भारत पहुंचने वाला सबसे पहला तेल टैंकर लाइबेरिया का शेनलॉन्ग। यह मुंबई बंदरगाह पहुंचा, लेकिन इसने होर्मुज स्ट्रेट पार करने के लिए 'डार्क ट्रांजिट' का इस्तेमाल किया। ईरान से जब भारतीय जहाजों को होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने के लिए कूटनीतिक स्तर पर बातचीत हुई तो सबसे पहले जिस एलपीजी टैंकर को गुजरने की इजाजत मिली, वह 'शिवालिक' है। सूत्रों के अनुसार 'शिवालिक' भी अभी अंतरराष्ट्रीय जल में है और इंडियन नेवी इसे एस्कॉर्ट करके भारत ला रही है।

**भारत 90% एलपीजी का करता है आयात :** भारत अपनी जरूरत का 90 फीसदी एलपीजी पश्चिम एशियाई देशों से ही आयात करता है। खाड़ी में छिड़ी जंग की वजह से सप्लाई चेन बुरी तरह प्रभावित हुई थी, जिससे भारत में रसोई गैस के साथ-साथ प्लास्टिक बनाने वाली पेट्रोकेमिकल यूनिट्स और औद्योगिक इकाइयों में ईंधन का संकट खड़ा हो गया था। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा एलपीजी आयातक है, इसलिए यह संकट सीधा आम आदमी की रसोई और अर्थव्यवस्था से जुड़ा है।

कतर के रास लफ्फान से निकले ये दोनों टैंकर अगले हफ्ते तक भारतीय तटों पर पहुंच सकते हैं। हालांकि, विदेश मंत्रालय और इंडियन ऑयल ने अभी इस पर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है, लेकिन माना जा रहा है कि इस सफल शुरूआत के बाद अब कई और एलपीजी जहाज भी इसी रास्ते से आने की कतार में हैं। भारत लगातार ईरान के संपर्क में है ताकि कच्चे तेल और गैस की सप्लाई को बिना किसी बाधा के जारी रखा जा सके।

### कूटनीति से मिला सुरक्षित रास्ता

ब्लूमबर्ग के सूत्रों के मुताबिक, इस संवेदनशील मामले पर नई दिल्ली और तेहरान के बीच हुई बातचीत के बाद ही इन जहाजों को सुरक्षित रास्ता दिया गया है। ह्यशिवालिकह्व और ह्यनंदा देवीह्व दोनों ही सरकारी कंपनी शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के जहाज हैं, जिन्हें इंडियन ऑयल ने चार्टर किया है। शिप-ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, शिवालिक ह्यस्ट्रेट ऑफ होर्मुज ह्व को पार कर चुका है, जबकि नंदा देवी रास्ते में है। हालांकि, युद्ध क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक दखलंदाजी के कारण इनकी सटीक लोकेशन ट्रैक करने में थोड़ी मुश्किल आ रही है, लेकिन दोनों जहाजों ने अपने सिस्टम पर खुद को ह्यभारतीय सरकारी जहाजह्व बताया है।

# उड़ता ही फिरूं इन हवाओं में कहीं.....महंगा हुआ फ्लाइट का सफर! तेजी से बढ़ रही ईंधन की कीमत




**नई दिल्ली:** ईरान युद्ध के कारण हवाई सफर भी महंगा हो गया है। एटीएफ यानी विमान में यूज होने वाले ईंधन की कीमत बढ़ने से एयर इंडिया और इंडिगो के बाद अब आकासा ने भी फ्यूल सरचार्ज लगाने की घोषणा की है। कंपनी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय रूट्स पर 199 रुपये से 1300 रुपये का फ्यूल सरचार्ज लगाने जा रही है। यह 15 मार्च से होने वाली बुकिंग पर वसूला जाएगा। उससे पहले की गई बुकिंग पर फ्यूल सरचार्ज अप्लाई नहीं होगा। आकासा ने कहा कि फ्यूल सरचार्ज सेक्टर और फ्लाइट की ड्यूरेशन के हिसाब से तय होगा।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि मिडिल ईस्ट में जारी संकट के कारण एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमत में काफी तेजी आई है।

एयरलाइन की ऑपरेटिंग कॉस्ट में फ्यूल सबसे अहम होता है और इससे एविएशन इंडस्ट्री की लागत पर असर पड़ता है। इसके मद्देनजर आकासा घरेलू और अंतरराष्ट्रीय रूट्स पर 199 रुपये से लेकर 1300 रुपये तक का फ्यूल सरचार्ज लगाएगी। यह 15 मार्च को 00.01 बजे से लागू होगा। उससे पहले की गई बुकिंग्स पर यह लागू नहीं होगा।

**इंडिगो और एयर इंडिया :** इससे पहले एयर इंडिया और देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो फ्यूल सरचार्ज लगाने की घोषणा कर चुकी हैं।

एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने 12 मार्च से हर घरेलू उड़ान के टिकट पर 399 रुपये का फ्यूल सरचार्ज लगाने की घोषणा की थी। पश्चिम एशिया के रूट्स के लिए 10 डॉलर, अफ्रीका की उड़ानों के लिए 90 डॉलर और दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए 60 डॉलर कर दिया गया है। इंडिगो ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर 425 रुपये से लेकर 2,300 रुपये तक का फ्यूल सरचार्ज लगाने का ऐलान किया जो 14 मार्च को 00:01 बजे से प्रभावी हो गया।

# मां की हत्या कर बेटे ने रची थी पड़ोसी को फंसाने की साजिश पुलिस ने किया खुलासा, हत्यारोपी बेटा गिरफ्तार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मसूरी थानाक्षेत्र में हुए सनसनीखेज हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए मृतका के सगे बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने अपनी ही मां की कुल्हाड़ी और ईंट से वार कर हत्या कर दी और पुलिस को गुमराह करने के लिए पड़ोसियों पर झूठा आरोप लगा दिया था। पुलिस के अनुसार 10 मार्च को ग्राम भूड़गढ़ी में 40 वर्षीय लीला का शव उसके घर में मिलने की सूचना मिली थी। इस मामले में मृतका के पति खड़कू पुत्र पूरन सिंह ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि पड़ोसी डब्बू और जसबीर उर्फ छंगा पुत्र जयसिंह ने पैसे के विवाद में उनके बेटे अनिल के साथ मारपीट की और बीच-बचाव करने आई लीला की हत्या कर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की, लेकिन फॉरेंसिक साक्ष्यों और परिस्थितियों के आधार पर मामला संदिग्ध लगा।

गहन पूछताछ और जांच के दौरान सामने आया कि घटना वाले दिन अनिल अपने 1200 रुपये मांगने को लेकर अड़ा हुआ था। परिवार के लोगों ने उसे डांटकर भगा दिया, जिससे वह गुस्से में आ गया और घर में रखी कुल्हाड़ी उठा ली। जब उसकी मां लीला ने उसे रोका और समझाने के दौरान थप्पड़ मार दिए, तो गुस्से में आकर अनिल ने कुल्हाड़ी और ईंट से मां के सिर पर वार कर दिया। गंभीर चोट लगने से लीला वहीं गिर गई। आरोपी दूसरे कमरे में जाकर सो गया और सुबह मां को मृत देखकर खुद को बचाने के लिए पड़ोसियों पर झूठा आरोप लगा दिया। एसीपी मसूरी लिपी नगायच ने बताया कि आरोपी अनिल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी और ईंट घर के अंदर तख्त के नीचे से बरामद कर ली गई है।

# पैसों के लालच में देश से गद्दारी! महिला समेत 6 गिरफ्तार

### रेलवे स्टेशन, आर्मी कैंट और सुरक्षा ठिकानों की जानकारी भेजते थे दुश्मन देश तक

## संवेदनशील ठिकानों पर लगाए आईपी सोलर कैमरे



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ने देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त एक बड़े नेटवर्क का पदार्फाश करते हुए महिला समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी रेलवे स्टेशन, सेना के कैंट क्षेत्र और अन्य संवेदनशील स्थानों की फोटो व वीडियो बनाकर विदेशी नंबरों पर भेजते थे और इसके बदले पैसे लेते थे। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी संवेदनशील स्थानों पर आईपी सोलर कैमरे लगाकर खुफिया जानकारी इकट्ठा करते थे। इन कैमरों के जरिए रेलवे स्टेशन, इंडियन आर्मी कैंट और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों की गतिविधियों पर नजर रखी जाती थी। एडिशनल सीपी (कानून व्यवस्था) राजकरन नैय्यर के मुताबिक कौशांबी थानाक्षेत्र में सूचना मिली थी कि कुछ लोग महत्वपूर्ण स्थानों की फोटो और वीडियो बनाकर अलग-अलग नंबरों पर भेज रहे हैं। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सोहेल मलिक, साने इरम उर्फ महक, प्रवीण, राज वाल्मीकि, शिव वाल्मीकि और ऋतिक गंगवार को गिरफ्तार कर लिया। जांच में सामने आया कि सोहेल मलिक इस नेटवर्क की मुख्य कड़ी था, जो अन्य लोगों को पैसों का लालच देकर इस काम में लगाता था।



### पाकिस्तान कनैक्शन की हो रही है जांच

करंट क्राइम : पुलिस के मुताबिक आरोपी व्हाट्सऐप के जरिए पाकिस्तान के लोगों के संपर्क में थे। वहां से उन्हें पार्सल भी भेजे जाते थे और यह लोग मीडिएटर बनकर उन पार्सलों को बताए गए स्थानों तक पहुंचाने का काम करते थे। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 8 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। मोबाइल की जांच में विदेशी नंबरों से हुई चैट भी सामने आई है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है और उनके विदेशी कनेक्शन, बैंक खातों, डिजिटल ट्रांजैक्शन और संभावित नेटवर्क की जांच की जा रही है। इस मामले में ऑफिशियल सीक्रेट एक्ट और बीएनएसएस की सुसंगत धाराओं में थाना कौशांबी में मुकदमा दर्ज किया गया है।

**अलग-अलग जिलों के रहने वाले हैं आरोपी**

करंट क्राइम। सोहेल मलिक बिजनौर, साने इरम उर्फ महक संभल, प्रवीण- राज वाल्मीकि गाजियाबाद, शिव वाल्मीकि बदायूं, ऋतिक गंगवार शाहजहांपुर का निवासी है।

### ऐसे चलता था जासूसी का नेटवर्क

करंट क्राइम : संवेदनशील स्थानों की फोटो और वीडियो बनाते थे, कई जगह आईपी सोलर कैमरे लगाकर गतिविधियों पर नजर। जानकारी व्हाट्सऐप के जरिए विदेशी नंबरों पर भेजते थे। काम के बदले ऑनलाइन पैसे मिलते थे पाकिस्तान से पार्सल आते थे। आरोपी मीडिएटर बनकर पार्सल आगे पहुंचाते थे

### अब पुलिस पूछेगी 100 सवाल

करंट क्राइम : सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस अब विदेशी नंबर किन लोगों के हैं? पाकिस्तान से संपर्क कब और कैसे शुरू हुआ? आईपी सोलर कैमरे किसने और कहां-कहां लगाए?,पार्सल में क्या-क्या आता था? नेटवर्क में और कितने लोग शामिल हैं?पैसे किस माध्यम से भेजे जाते थे? क्या किसी आतंकी संगठन से कनेक्शन है? इसी पड़ताल रहेगा।

# मसूरी के बाद कौशांबी में भी चौंकाने वाला खुलासा क्या जांच में उतरेंगी केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियां?

## संवेदनशील स्थलों की फोटो-वीडियो पाकिस्तान के नंबरों पर भेजने की आशंका, साहिबाबाद के प्रमुख ठिकानों के कारण बढ़ी गंभीरता

गौरव शशि नारायण

**गाजियाबाद ,करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में हाल ही में मसूरी थानाक्षेत्र से छह लोगों की गिरफ्तारी और उनके कथित पाकिस्तान व बांग्लादेश कनेक्शन सामने आने के बाद अब कौशांबी थानाक्षेत्र से भी एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। प्रारंभिक जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि कुछ लोग देश के महत्वपूर्ण और संवेदनशील स्थानों की फोटो-वीडियो तथा अन्य जानकारी पाकिस्तान से जुड़े नंबरों या संदिग्ध संपर्कों के साथ साझा कर रहे थे। सूत्रों के मुताबिक स्थानीय पुलिस ने इस मामले में तकनीकी जांच शुरू कर दी है और कुछ डिजिटल डाटा को खंगाला जा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए यह संभावना भी जताई जा रही है कि आगे चलकर केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियां और खुफिया तंत्र भी इस जांच में शामिल हो सकते हैं।




### इसलिए संवेदनशील है साहिबाबाद क्षेत्र

करंट क्राइम : दरअसल कौशांबी और साहिबाबाद का इलाका सुरक्षा के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। यहां से कुछ ही दूरी पर स्थित हिंडन एयरबेस भारतीय वायुसेना का प्रमुख एयर स्टेशन है, जिसे एशिया के महत्वपूर्ण सैन्य हवाई अड्डों में गिना जाता है। इसके अलावा इसी क्षेत्र में नमो भारत (रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम) का संचालन और उससे जुड़ा महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर भी मौजूद है, जो दिल्ली-एनसीआर के सबसे बड़े परिवहन प्रोजेक्ट्स में शामिल है। यही नहीं, साहिबाबाद क्षेत्र में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) का बड़ा कैंप, उत्तर प्रदेश पीएसी का विशाल परिसर, कई केंद्रीय व राज्य सरकारी उपक्रमों के कार्यालय और महत्वपूर्ण इमारतें भी स्थित हैं। इन संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था और गतिविधियां राष्ट्रीय महत्व से जुड़ी होती हैं।

### मेट्रो और हाई-डेंसिटी आबादी भी वजह

करंट क्राइम : कौशांबी-साहिबाबाद क्षेत्र से दिल्ली मेट्रो का भी संचालन होता है, जिसमें प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग सफर करते हैं। इसके अलावा यहां कई प्रतिष्ठित कारोबारी, प्रशासनिक और सार्वजनिक जीवन से जुड़े लोग भी रहते हैं। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि किसी बड़े नेटवर्क के तहत संवेदनशील गतिविधियों, सुरक्षा व्यवस्था या महत्वपूर्ण व्यक्तियों की जानकारी जुटाने की कोशिश भी हो सकती है।

### पहले भी सामने आ चुके हैं संदिग्ध मामले

करंट क्राइम : गौरतलब है कि हाल के दिनों में गाजियाबाद में इस तरह के कई मामले चर्चा में रहे हैं। मसूरी क्षेत्र के नाहल गांव से देशविरोधी गतिविधियों के आरोप में छह लोगों की गिरफ्तारी ने पहले ही सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया है। वहीं इससे पहले भोजपुर क्षेत्र में भी एक ही पते पर बड़ी संख्या में पासपोर्ट बनवाए जाने का मामला सामने आ चुका है, जिसने खुफिया एजेंसियों का ध्यान खींचा था।

### खुफिया तंत्र और लोकल पुलिस पर उठे सवाल

करंट क्राइम : लगातार सामने आ रहे इन मामलों ने कहीं न कहीं स्थानीय पुलिस और खुफिया तंत्र की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किए हैं। गाजियाबाद एनसीआर का बेहद संवेदनशील शहर है, जहां वीवीआईपी मूवमेंट, रक्षा प्रतिष्ठान, औद्योगिक इकाइयां और बड़े सरकारी संस्थान मौजूद हैं। ऐसे में विशेषज्ञों का मानना है कि अगर समय रहते इन गतिविधियों की गहराई से जांच नहीं की गई तो यह सुरक्षा के लिहाज से बड़ा खतरा बन सकती हैं। फिलहाल पुलिस अधिकारी इस मामले में खुलकर कुछ भी कहने से बच रहे हैं, लेकिन सूत्रों का कहना है कि आने वाले दिनों में इस पूरे प्रकरण में और बड़े खुलासे हो सकते हैं।

# आईपीएस निमिष दशरथ पाटिल को सीपी ने दी विदाई

## अधिकारियों ने परंपरा के अनुसार गाड़ी को धक्का लगाकर किया रवाना







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में लगभग दो वर्षों तक महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाने वाले आईपीएस अधिकारी निमिष दशरथ पाटिल का तबादला गोरखपुर कर दिया गया है। शुक्रवार देर रात जारी हुई आईपीएस तबादला सूची में उन्हें गोरखपुर में एसपी सिटी के पद पर नियुक्त किया गया है। शनिवार को पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने उन्हें सम्मानित करते हुए नई तैनाती के लिए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर पुलिस कमिश्नरेट के सभी गजेटेड अधिकारी मौजूद रहे और निमिष पाटिल के कार्यकाल की सराहना की।

आईपीएस निमिष दशरथ पाटिल ने गाजियाबाद में अपने कार्यकाल के दौरान एएसपी, एसीपी और डीसीपी जैसे महत्वपूर्ण पदों पर जिम्मेदारी संभाली। कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने और पुलिसिंग को प्रभावी बनाने में उनकी भूमिका को अधिकारियों ने सराहा है। विदाई समारोह के बाद पुलिस विभाग की पारंपरिक परंपरा निभाते हुए अधिकारियों ने उनकी गाड़ी को धक्का लगाकर उन्हें नई तैनाती के लिए रवाना किया। इस दौरान पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड, एडिशनल सीपी राजकरन नैय्यर, केशव चौधरी सहित विभिन्न जोन के डीसीपी और एसीपी स्तर के अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने पाटिल को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गाजियाबाद में उनका कार्यकाल हमेशा याद किया जाएगा।



# पीएम मोदी ने बंगाल को दी 18680 करोड़ की सौगात




**कोलकाता।** कोलकाता। बंगाल में विधानसभा चुनाव की घोषणा से ठीक पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को राज्य के दौरे में कोलकाता के ऐतिहासिक ब्रिगेड परेड ग्राउंड में मेगा परिवर्तन रैली को संबोधित से पहले लगभग 18,680 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इसमें सड़क, रेलवे, बंदरगाह और जहाजरानी क्षेत्रों से संबंधित बुनियादी ढांचे व कनेक्टिविटी से जुड़ी विकास परियोजनाएं शामिल हैं।

ब्रिगेड मैदान में भाजपा की रैली मंच के ठीक बगल में बनाए गए सरकारी मंच से पीएम ने इन परियोजनाओं का शुभारंभ किया। पीएम का यह दौरा ऐसे समय हुआ है, जब निर्वाचन आयोग अगले दो-तीन दिन में बंगाल सहित पांच राज्यों में चुनाव तारीखों की घोषणा कर सकता है। पीएम ने इनमें सड़क संपर्क को बढ़ावा देने के लिए एक बड़े कदम के तहत लगभग 16,990 करोड़ रुपये की लागत से कुल 420 किलोमीटर से अधिक लंबाई वाली कई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन किया और आधारशिला रखी। इन परियोजनाओं में बंगाल और झारखंड में एनएच-19 के खंड और बंगाल में एनएच-114 के खंड शामिल हैं, जिनका उद्देश्य सड़क सुरक्षा बढ़ाना, यात्रा का समय कम करना और क्षेत्रीय संपर्क में सुधार करना है।

**कई नई राजमार्ग परियोजनाओं की रखी आधारशिला**

पीएम ने 231 किलोमीटर लंबे चार लेन वाले खड़गपुर-मोरग्राम आर्थिक गलियारे के पांच खंड सहित कई नई राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। यह परियोजना खड़गपुर और सिलीगुड़ी के बीच आर्थिक गलियारे का हिस्सा है और बंगाल के पश्चिम मेदिनीपुर, बांकुडा, हुगली, पूर्व बर्द्धमान, बीरभूम और मुर्शिदाबाद जिलों से गुजरेगी। खड़गपुर-मोरग्राम के बीच सीधे संपर्क से यात्रा की दूरी लगभग 120 किलोमीटर कम हो जाएगी और लगभग 7 से 8 घंटे का समय बचेगा। पीएम मोदी ने लगभग 5.5 किलोमीटर लंबे चार लेन वाले दुबराजपुर बाईपास के निर्माण की आधारशिला भी रखी। पीएम ने इस दौरान कहा कि ये परियोजनाएं बंगाल व पूर्वी भारत को नई रफ्तार देगी।

# मोगा में भाजपा की बदलाव रैली

## गृह मंत्री अमित शाह ने 2027 चुनाव के लिए भरी हुंकार




**मोगा (पंजाब)।** मोगा के गांव किल्ली चहल में भारतीय जनता पार्टी की ओर से बदलाव रैली का आयोजन किया गया है। रैली में गृह मंत्री अमित शाह बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। केसरिया पगड़ी पहनकर आए शाह का मंच पर भव्य स्वागत किया गया।

अपने संबोधन में शाह ने सिख गुरुओं की शहादत को प्रणाम किया।शाह ने कहा कि आज से वे भाजपा के प्रचार की शुरूआत कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि पंजाब में 2027 में भाजपा की सरकार बनेगी।

रैली से पहले शाह ने एक्स पर लिखा-पंजाब का हर व्यक्ति बदलाव चाहता है। जवानों, किसानों और मेहनतकश लोगों के लिए प्रसिद्ध पंजाब की पवित्र भूमि को आप-दा सरकार ने करप्शन, ड्रग्स और अपराध में डुबो दिया है। रिमोट कंट्रोल वाली आप-दा सरकार में पंजाब से लॉ एंड ऑर्डर और विकास नदारद हैं। आज मोगा में भाजपा की ह्यबदलाव रैलीह्ण में पंजाब के बहनों-भाइयों से संवाद के लिए उत्सुक हूं।

**वित्तमंत्री ने उठाए सवाल :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 14 मार्च को मोगा में रैली करने पहुंच रहे हैं। रैली के चलते आम आदमी पार्टी के वित्तमंत्री हरपाल सिंह चीमा ने केंद्रीय गृह मंत्री से कई सवाल पूछे हैं।

**शाह ने कहा कि आज से वे भाजपा के प्रचार की शुरूआत कर रहे हैं।**

वित्तमंत्री चीमा ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार पिछले कई साल से पंजाब के साथ लगातार भेदभाव कर रही है। ऐसा क्यों किया जा रहा है इस बारे में गृह मंत्री को जरूर बताकर जाना चाहिए। केंद्र ने बार-बार जायज फंड रोके हैं और राज्य की आर्थिकता को कमजोर करने की कोशिश की है।

वित्तमंत्री ने कहा कि केंद्र ने रूरल डेवलपमेंट फंड (आरडीएफ) समेत कई स्कीमों के तहत पंजाब के हजारों करोड़ रुपये रोक रखे हैं। केंद्र से ग्रामीण विकास निधि, नेशनल हेल्थ मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पंजाब के बकाया फंड जारी करने की मांग की गई थी मगर केंद्र ने किसी न किसी बहाने पेमेंट में लगातार देरी की है। रैली के कारण लुधियाना-फिरोजपुर रोड सहित आसपास के इलाकों में ट्रैफिक का दबाव बढ़ने की संभावना है।

इसे देखते हुए पंजाब पुलिस के लुधियाना देहात पुलिस प्रशासन ने ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष रूट प्लान जारी किया है। पुलिस ने अलग-अलग दिशाओं से आने-जाने वाले वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए हैं।

पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे जारी किए गए रूट प्लान का पालन करें, ताकि किसी भी प्रकार की ट्रैफिक समस्या और जाम की स्थिति से बचा जा सके।

# रिहा हुए सोनम वांगचुक

## गृह मंत्रालय ने हटाया एनएसए




**नई दिल्ली।** जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को शनिवार को जोधपुर सेंट्रल जेल से रिहा कर दिया गया। यह रिहाई उस समय हुई जब केंद्र सरकार ने वांगचुक पर लगे राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) को हटा दिया। मंत्रालय ने बताया कि यह फैसला राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत मिले अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए लिया गया है। सरकार का कहना है कि यह फैसला लद्दाख में शांति और स्थिरता का माहौल बनाने के लिए लिया गया है। वांगचुक को 26 सितंबर 2025 को हिरासत में लिया गया था।

इससे ठीक दो दिन पहले लेह में लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर बड़े प्रदर्शन हुए थे। इन प्रदर्शनों के दौरान हिंसा भी हुई थी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी और 45 से ज्यादा लोग घायल हुए थे, जिनमें 22 पुलिसकर्मी भी शामिल थे। हिंसा के बाद लेह के जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर वांगचुक को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत हिरासत में लिया गया था, ताकि इलाके में कानून-व्यवस्था बनाए रखी जा सके। बाद में उन्हें राजस्थान के जोधपुर स्थित जेल में भेज दिया गया था।

वांगचुक का हिरासत रद्द करते हुए गृह मंत्रालय ने बयान जारी कहा कि केंद्र सरकार लद्दाख में शांति, स्थिरता और आपसी भरोसा कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि सभी पक्षों के साथ सार्थक और रचनात्मक बातचीत हो सके। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए वांगचुक की हिरासत खत्म करने का फैसला लिया गया है।

सरकार का कहना है कि वह लद्दाख के अलग-अलग समुदायों, नेताओं और संगठनों से लगातार बातचीत कर रही है, ताकि क्षेत्र के लोगों की चिंताओं और मांगों का समाधान निकाला जा सके। हालांकि सरकार ने यह भी कहा कि हाल के समय में हड़ताल और विरोध प्रदर्शनों की वजह से समाज के शांतिपूर्ण माहौल पर असर पड़ा है। इसका प्रभाव छात्रों, नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं, व्यापारियों, टूर ऑपरेटरों, पर्यटकों और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ा है।

**सिलिंडर नहीं मिला तो मिट्टी के चूल्हे पर पक रहा था खाना**

# कुकर ब्लास्ट होने से मासूम समेत चार झुलसे



**बरेली।** बरेली में रसोई गैस सिलिंडर की किल्लत से जूझ रहे परिवार पर मुसीबत टूट पड़ी। सिलिंडर खत्म होने पर घर में मिट्टी के चूल्हे पर खाना बनाने के दौरान कुकर फट गया और परिवार के चार लोग झुलस गए। इनमें एक बच्चे की हालत गंभीर बनी हुई है। पीड़ितों को जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती कराया गया है।

जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में कैंट के नकटिया निवासी राम सिंह ने बताया कि शुक्रवार शाम उनकी पत्नी नन्ही देवी मिट्टी के चूल्हे पर उड़द-राजमा बना रही थीं। पास में बच्चे बैठे थे। अचानक कुकर फट गया। इससे बेटा कार्तिक, बेटी नेहा, देवांश और नन्ही देवी झुलस गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस से घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया। हादसे में छोटा बेटा कार्तिक का पूरा शरीर जल गया है। उसे जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती कराया गया है।

**लाइन में लगने के बाद भी नहीं मिला सिलिंडर :** राम सिंह ने बताया कि करीब दस दिनों से गैस सिलेंडर की किल्लत चल रही है। लंबी लाइन में लगने के बाद भी सिलिंडर नहीं मिल पा रहा था। मजबूरी में पत्नी ने मिट्टी के चूल्हे पर खाना बनाना शुरू किया था। इसी दौरान यह हादसा हो गया।

**डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का विपक्ष पर बड़ा हमला**

# कड़े अंदाज में बोले, 'बाजा बजा देंगे गैस सिलिंडर पर अफवाह फैलाने वालों का'



**प्रयागराज।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को संगम नगरी आगमन पर विपक्ष के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार किया। पुलिस लाइन हेलीपैड और सर्किट हाउस में कार्यकताओं द्वारा जोरदार स्वागत के बीच पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर घटिया राजनीति करने का आरोप लगाया।

गैस सिलिंडर की आपूर्ति को लेकर देश में फैल रही खबरों पर डिप्टी सीएम ने तीखा पलटवार किया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, ह्यअफवाह गांधी' और ह्यअफवाह यादवह्ण विपक्ष के ये नेता केवल दुष्प्रचार कर रहे हैं, ताकि जनता में भ्रम और डर पैदा हो। वैश्विक संकट की इस घड़ी में उन्हें देश के साथ खड़ा होना चाहिए था, लेकिन वे अपनी राजनीति चमका रहे हैं। केशव प्रसाद मौर्य ने चेतावनी भरे लहजे में कहा, आने वाले समय में अफवाह फैलाने वाले इन दोनों नेताओं का हम बाजा बजा देंगे।

**आंकड़ों से दिया जवाबः 55 लाख की जगह 75 लाख बुकिंग :** गैस की किल्लत के दावों को नकारते हुए उन्होंने आंकड़े पेश किए। उन्होंने बताया कि पहले जहां प्रतिदिन 55 लाख सिलिंडर बुक होते थे, वहीं अब यह संख्या बढ़कर 75 लाख तक पहुंच गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आपूर्ति सुचारू है और सरकार हर नागरिक तक सिलिंडर पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

**मोदी की सफल विदेश नीतिः ईरान से आ रहा है कच्चा तेल :** ईरान, इस्राइल और अमेरिका के बीच जारी तनाव और खाड़ी देशों के युद्ध संकट पर डिप्टी सीएम ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा वैश्विक संकट के बावजूद पीएम मोदी की सशक्त विदेश नीति के कारण ईरान से भारत में क्रूड ऑयल और गैस सफलतापूर्वक आ रही है। दुनिया देख रही है कि संकट के समय में भी भारत का झंडा बुलंद है और आगे भी रहेगा।

आगामी चुनावों पर चर्चा करते हुए केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि देश के अंदर कोई संकट नहीं है।

# बरेली में रसोई गैस की किल्लत

## डीलरों ने किया 'खेल', घर के बजाय कहीं और पहुंच रहे सिलिंडर



**बरेली।** बरेली के फतेहगंज पश्चिमी के साहूकारा की निर्मला गुप्ता ने फोन पर गैस सिलिंडर बुक कराने की कोशिश की। बुकिंग न होने पर शुक्रवार को वह न्यू जय माता दी एपी गैस सर्विस पहुंचीं। कतार में खड़ी रहीं। नंबर आया तो पता चला कि चार दिन पूर्व सिलिंडर बुक होकर उनके घर पहुंच गया। वहां से वह मायूस होकर लौटीं। यह केस महज बानगी है। आए दिन एजेंसियों पर बुकिंग कराने पहुंच रहे लोगों को इस तरह का झटका लग रहा है। यह स्थिति निगरानी के दावों की पोल खोल रही है। बताते हैं कि जो उपभोक्ता काफी समय से बुकिंग नहीं करा रहे थे, अब आपदा में अवसर तलाशकर एजेंसी संचालक उनके क्रमांक से खुद ही बुकिंग करने लगे हैं। किल्लत के दौर में इन नंबरों से बुकिंग व डिलीवरी दिखाकर सिलिंडर स्टॉक कर लिए हैं। दोगुनी कीमत पर इन सिलिंडरों की कालाबाजारी की जा रही है। वास्तविक उपभोक्ता जब बुकिंग कराने एजेंसी पहुंच रहे हैं तो उन्हें टका सा जवाब दिया जा रहा है।

**बुकिंग हुई पर घर के बजाय कहीं और पहुंच रहे सिलिंडर :** जोगी नवादा निवासी अमित वर्मा ने 23 फरवरी को फोन से गैस सिलिंडर की बुकिंग कराई थी। कई दिन बाद भी घर पर सिलिंडर नहीं पहुंचा। नकटिया चेतना कॉलोनी निवासी विनीत शुक्ला ने तीन मार्च को फोन से सिलिंडर बुक कराया था। छह मार्च को डिलीवरी का मेसेज आया पर सिलिंडर नहीं पहुंचा। दोनों उपभोक्ता शुक्रवार को ईसाइयों की पुलिया स्थित राज गैस सर्विस पहुंचे। पता चला कि सिलिंडर घर पर पहुंच गया है। अब नियमानुसार 25 दिन बाद अगली बुकिंग होगी। दोनों की स्टाफ से नोकझोंक भी हुई, पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला।

### शेरगढ़ में सामने आए तीन मामले

शेरगढ़ कस्बा में शिवम गैस एजेंसी पर शुक्रवार को सुबह से ही ग्राहकों की कतार लगी रही। यहां रम्पुरा गांव निवासी सुमेश कुमार गंगवार, मुरारी लाल और जितेंद्र कुमार ने आरोप लगाया कि उन्होंने न तो बुकिंग की, न ही गैस सिलिंडर लिया। इसके बावजूद उनके कनेक्शन पर सिलिंडर की डिलीवरी दर्शाई जा रही है। उन्होंने इसकी शिकायत सीएम हेल्पलाइन पर की है।

### समय पर नहीं हो रही आपूर्ति

एलपीजी सिलिंडरों के लिए ऐसे भी लोग एजेंसी पर कतार में खड़े हो रहे हैं, जिनकी फोन से बुकिंग के तीन-चार दिन बाद भी सिलिंडर घर नहीं पहुंचा है। एजेंसी संचालकों का कहना है कि अचानक बुकिंग की संख्या बढ़ गई है, जबकि आपूर्ति और डिलीवरी स्टाफ सीमित है। लिहाजा, सिलिंडरों को तय तिथि पर पहुंचाने में परेशानी हो रही है। डीएसओ मनीष कुमार सिंह ने बताया कि यह गंभीर मामला है। उपभोक्ताओं से अपील है कि वे कार्यालय में साक्ष्य समेत शिकायत दर्ज कराएं। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# गैस की किल्लतः एलपीजी की कमी से दिल्ली के स्ट्रीट फूड पर संकट, 40 फीसदी ढाबे-रेहड़ी बंद; खाने के दाम 20% तक बढ़े






**नई दिल्ली।** एलपीजी गैस की कमी के कारण अब दिल्ली वालों की जेब पर भी असर पड़ने लगा है। कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति प्रभावित होने और कीमतों में लगातार बढ़ोतरी के कारण दिल्ली के 30 से 40 फीसदी होटल, रेस्टोरेंट, छोटे ढाबे और रेहड़ी-पटरी के खाने-पीने के स्टॉल बंद हो गए हैं, जबकि कई कारोबार बंद होने की कगार पर पहुंच गए हैं। लक्ष्मी नगर, कृष्णा नगर, बुराड़ी, कनॉट प्लेस, कश्मीरी गेट और पहाड़गंज समेत कई इलाकों में कई छोटे होटल और रेस्टोरेंट ने अपना काम बंद कर दिया है। वहीं कुछ होटल सीमित मेन्यू के साथ काम चला रहे हैं।

**रेहड़ी-पटरी और ढाबों पर असर :** एलपीजी संकट का सबसे ज्यादा असर रेहड़ी-पटरी के फूड स्टॉल और छोटे ढाबों पर पड़ा है।

सुबह से देर रात तक चलने वाले राजधानी के स्टॉलों पर हजारों लोग सस्ता और स्वादिष्ट भोजन करते हैं। लेकिन गैस की कमी और महंगे सिलिंडरों ने इनकी कमर तोड़ दी है। अधिकांश रेहड़ी-पटरी वाले रोजाना नकद में कमर्शियल सिलिंडर खरीदते हैं। पहले उन्हें आसानी से सिलिंडर मिल जाता था, लेकिन अब आपूर्ति कम होने के कारण कई गैस सप्लायर बड़े होटल और रेस्टोरेंट को प्राथमिकता दे रहे हैं।

# गैस के लिए जद्दोजहदः कहासुनी और धक्का-मुक्की, पुलिस की मौजूदगी में बंटे सिलिंडर



**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर में व्यावसायिक सिलिंडरों की आपूर्ति ठप होने के बाद रसोई गैस लेने के लिए भी लोगों को पसीना बहाना पड़ रहा है। कई गैस एजेंसी पर सिलिंडर लेने पहुंच रहे उपभोक्ताओं को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। कहीं धक्का मुक्की-नोकझोंक हो रही है तो कहीं पुलिस को पहुंचकर लाइन लगवानी पड़ रही है। तिलहर में शनिवार को एक छात्र नेता ने एजेंसी कर्मचारी पर रिवॉल्वर से गोली मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। तिलहर थाना क्षेत्र में लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे पर मंडी समिति स्थित गैस एजेंसी पर शनिवार सुबह करीब दस बजे तमाम उपभोक्ता पहुंच गए तो भीड़ लग गई। इसी दौरान कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि एजेंसी के एक कर्मचारी ने उपभोक्ताओं को गोली मारने की धमकी दी है। इसके बाद लोगों ने एजेंसी के बाहर हंगामा शुरू कर दिया।

मौके पर मौजूद छात्र नेता अभिमर्दन सिंह चौहान ने आरोप लगाया कि नारंगी रंग की शर्ट पहने एजेंसी के एक कर्मचारी ने उपभोक्ताओं को गोली मारने की धमकी दी।

# यात्रीगण ध्यान देंः मेट्रो की पिंक लाइन खुली

## सूर घाट स्टेशन पर प्रवेश और निकास है बंद





**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो की पिंक लाइन पर सफर करने वाले यात्रियों के लिए सूर घाट स्टेशन इन दिनों एक पहेली बना हुआ है। मजलिस पार्क से मौजपुर-बाबरपुर स्टेशन से ट्रेनें दिन भर फर्राटा भरते हुए गुजरती हैं, लेकिन यात्रियों के लिए सूर घाट स्टेशन के दरवाजे अभी भी बंद हैं। इस तकनीकी अड़चन के पीछे का मुख्य कारण पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाया जा रहा अधूरा सबवे है। एंट्री-एग्जिट का रास्ता तैयार नहीं है। दरअसल, स्टेशन का मुख्य ढांचा और ट्रैक का काम काफी पहले पूरा हो चुका है, लेकिन यात्रियों के आवागमन के लिए जो अंडरग्राउंड पैसेज (सबवे) बनाया जाना है, उसका काम अभी अधर में लटका है। पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाया जा रहा यह सबवे स्टेशन के प्रवेश और निकास का मुख्य जरिया है।

जब तक यह रास्ता पूरी तरह तैयार नहीं हो जाता, सुरक्षा कारणों से डीएमआरसी यहां ट्रेनें नहीं रोक सकता। मजलिस पार्क से शिव विहार के बीच मेट्रो अपनी पूरी क्षमता के साथ चल रही है। केवल सूर घाट स्टेशन पर स्टॉपेज नहीं दिया गया है। यात्री बिना किसी रुकावट के इस स्टेशन से गुजरते हुए आगे के स्टेशनों तक जा सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, सबवे का सिविल वर्क अंतिम चरण में है, लेकिन फिनिशिंग और सुरक्षा क्लीयरेंस में अभी कुछ समय और लग सकता है। उम्मीद जताई जा रही है कि आगामी कुछ महीनों में निर्माण कार्य पूरा होते ही इसे आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा।

15 Mar -26 page 3 14-03-26 9:29 PM Page 1

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। रविवार 15 मार्च -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित





## भाजपा महानगर टीम से लेकर जीडीए बोर्ड और नामित वाली लिस्ट पर होता रहा मंथन

# कुछ नामों पर बन गई है सहमति और कुछ नामों पर अभी चल रहा है चिंतन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा की महानगर की टीम की घोषणा होनी है। इसके अलावा जीडीए बोर्ड सदस्यों और नामित पार्षदों पर भी फैसला आ सकता है। दैनिक करंट क्राइम ने प्रकाशित किया था कि शनिवार को लखनऊ में बैठक है और इस बैठक में व्यापक स्तर पर मंथन चिंतन होगा। शनिवार को इस पर चिंतन हुआ, बैठक हुई और नामों पर चर्चा हुई। हालांकि गाजियाबाद में इसको लेकर दो तरह की चर्चाएं सुनने को मिली। पहली चर्चा ये थी कि लखनऊ में अन्य जिलों पर चर्चा हुई और गाजियाबाद का नंबर नहीं आया। दूसरी चर्चा ये थी कि गाजियाबाद को लेकर भी चर्चा हुई है और गहन चर्चा हुई है। यहां कुछ नामों पर सहमति मांगी गई है और कुछ नामों पर अभी चिंतन चल रहा है। यह भी बताया गया कि जीडीए बोर्ड सदस्यों और नामित पार्षदों को लेकर भी पूरी तरह से सहमति बन गई है और इन नामों की भी घोषणा हो सकती है।

सूत्र बताते हैं कि संगठन वाली टीम को लेकर कई नामों पर चर्चा हुई। कुछ नामों पर ऐतराज भी था और इनको लेकर गाजियाबाद में फोन हुआ। सूत्र बताते हैं कि कुछ नामों पर सहमति वाला पेंच है।




### दैनिक करंट क्राइम की बस के चेहरों पर हो सकती है कृपा




करंट क्राइम। दैनिक करंट क्राइम ने शनिवार के अंक में ही प्रकाशित किया था कि कौन कौन से चेहरे चर्चा में है। किन चेहरों पर व्यापक विचार होगा। किन चेहरों पर कृपा होगी और बस के इन यात्रियों का समाचार भी प्रकाशित किया था। सूत्र बताते हैं कि इनमें से अधिकांश चेहरों पर कृपा होने जा रही है। जो चेहरे बस में सवार हैं उन पर कृपा वाली बहार आ रही है। अधिकतर चेहरों की उम्मीदें कायम रहेंगी।

### पूरे गौरव के साथ आ रहा है उस पंजाबी चेहरे का नाम

करंट क्राइम। पंजाबी समाज की राजनीतिक भागीदारी की बात अक्सर उठती है। टिकट से लेकर संगठन तक कई नाम आते है। सूत्र बताते हैं कि इस बार पंजाबी समाज के युवा चेहरे को तरजीह मिली है। सूत्र बता रहे हैं कि पूरे गौरव के साथ किसी पंजाबी चेहरे का नाम टीम में आ रहा है। इस नाम को लेकर सहमति बन गई है।

### किस ठाकुर चेहरे को लेकर नहीं बन पाई सहमति

करंट क्राइम। ठाकुर फैक्टर की बात करें तो इस लिस्ट में नदिया पार से लेकर लाईन पार के नाम हैं। सूत्र बता रहे हैं कि लखनऊ में एक ठाकुर चेहरे के नाम पर सहमति नहीं बनी। फिर इस नाम को लेकर लखनऊ से गाजियाबाद फोन हुए और फोन पर सहमति मांगी गई। लेकिन सूत्र बताते हैं कि बात बनी नहीं है और इस चेहरे को लेकर कोई पेंच फंस गया है।

### भगवा कमांडर की टीम के किस मंत्री का होने जा रहा है प्रमोशन

करंट क्राइम। अब नया निजाम है और नए नाम है। राष्ट्र से लेकर प्रदेश तक परिवर्तन हुआ है। ऐसे में नए चेहरे उम्मीद लगाकर चल रहे हैं और पुराने चेहरों को भी विश्वास है कि उनकी मेहनत का फल मिलेगा। सूत्र बताते हैं कि यहां भगवा कमांडर की दखल दिखाई देगी। सूत्र बता रहे हैं कि भगवा कमांडर की टीम के एक मंत्री का प्रमोशन महानगर की टीम में होने जा रहा है। ये चेहरा महानगर की टीम में आयेगा और लगभग इस नाम को फाईनल माना जा रहा है।

### तीन नाम और महामंत्री पद पर घमासान

करंट क्राइम। भाजपा में महामंत्री का पद अहम माना जाता है। सूत्र बताते हैं कि इस बार केवल तीन नामों की घोषणा होगी। ये पार्टी का नया फार्मेट है और टीम को लेकर सीन ये है कि तीन नाम हैं और यहां पूरा घमासान है। महामंत्री पद पर सबसे ज्यादा फाईट चल रही है।

### शॉर्टलिस्ट हो गये महानगर की टीम के नाम

करंट क्राइम। दोपहर तक ये चर्चा थी कि लखनऊ में गाजियाबाद के नाम का पन्ना ही नहीं खुला। वहीं सूत्र बताते हैं कि कई नामों पर चिंतन हुआ है। लखनऊ से गाजियाबाद फोन हुए हैं। लखनऊ से दिल्ली फोन हुए हैं और दोपहर के बाद सीन में तेजी आ गई। सूत्र बताते हैं कि महानगर की टीम के नाम शॉर्टलिस्ट हो गये हैं और अब बस घोषणा का इंतजार है।

### जीडीए बोर्ड सदस्यों और नामित पार्षदों की कभी भी हो सकती है घोषणा

करंट क्राइम। दैनिक करंट क्राइम ने पूर्व में ही प्रकाशित किया था कि संगठन से पहले सरकारी कृपा का बादल बरसेगा। इस बात की संभावना जताई थी कि महानगर की टीम से पहले जीडीए बोर्ड सदस्यों और नामित पार्षदों की घोषणा हो सकती है। लखनऊ सूत्र बता रहे हैं कि नामित पार्षदों और जीडीए बोर्ड सदस्यों के नाम पर मुहर लग चुकी है और कभी भी इन नामों की घोषणा हो सकती है।

### प्रशिक्षण वर्ग में दे रहे थे ज्ञान, मगर लखनऊ पर था सबका ध्यान

करंट क्राइम। शनिवार का दिन भाजपा के लिए अहम रहा। लखनऊ में प्रदेश और क्षेत्र के बड़े चेहरे मौजूद थे। टीम को लेकर नामों पर गहन विचार विमर्श का सीन था। वहीं दूसरी तरफ शनिवार को भाजपा का प्रशिक्षण वर्ग भी आयोजित था। अपनी अपनी विधानसभाओं में विधायक प्रशिक्षण शिविर में मौजूद थे। जिन वक्ताओं को संबोधन करना था वो अपने संबोधन के जरिए ज्ञान दे रहे थे। मगर बताते हैं कि प्रशिक्षण शिविर में भी सबका ध्यान लखनऊ में था। सब अपने अपने सूत्रों से लखनऊ में पल पल की अपडेट ले रहे थे। अलग अलग शिविर थे मगर ये एक विशेष ध्यान था कि लखनऊ से कभी भी घोषणा हो सकती है। यहां नामों को लेकर कयास लगाये जाते रहे।

### दो पूर्व अध्यक्षों का बन रहा है जीडीए बोर्ड वाली कृपा का सीन

करंट क्राइम। जीडीए बोर्ड सदस्य अहम पद होता है। सूत्र बताते हैं कि दो पूर्व महानगर अध्यक्षों के लिए जीडीए बोर्ड सदस्य वाला रास्ता खुला है। दो पूर्व अध्यक्षों पर जीडीए बोर्ड सदस्य वाली कृपा हो सकती है। इसके अलावा एक ओबीसी चेहरे पर भी जीडीए बोर्ड सदस्य वाली कृपा हुई है। तीन सदस्य घोषित होंगे और इनमें से दो सदस्य पूर्व महानगर सदस्य हैं और एक सदस्य ओबीसी है।

### नामित पार्षद वाली लिस्ट में रखा गया है वरिष्ठ चेहरों का ध्यान

करंट क्राइम। दस भाजपाई नामित पार्षद होंगे। नामित पार्षद को लेकर समीकरण साधा गया है। समीकरण में नदियापार, लाईन पार का ध्यान रखा गया है। महिला, ओबीसी, दलित और सामान्य वर्ग पर फोकस रखा गया है। सूत्र बताते हैं कि नामित पार्षदों वाली सूची में भाजपा ने अपने पुराने चेहरों पर फोकस किया है। बड़ी बात ये है कि नामित पार्षदों वाली लिस्ट में विधायकों की सिफारिश का पूरा ध्यान रखा गया है उनके नामों को तवज्जो दी गई है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 1.85 लाख से अधिक मामलों का हुआ निस्तारण

### मोटर दुर्घटना मामलों में 4.83 करोड़ मुआवजा, बैंकों की 2.36 करोड़ रुपये की वसूली




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद के तत्वावधान में शनिवार को जिला न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। यह आयोजन उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष विनोद सिंह रावत ने की। राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों के न्यायिक अधिकारियों की पीठों द्वारा बड़ी संख्या में लंबित वादों का आपसी सुलह और समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया। इस दौरान मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी संजयवीर सिंह, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय मृदुल मिश्रा, एडीजे-01 अनिल कुमार (चतुर्थ), विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट एवं प्रभारी नजारत विभाग नीरज गौतम, राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी एवं एडीजे-02 गौरव शर्मा, तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव संजय सिंह (द्वितीय) सहित अन्य न्यायिक अधिकारियों ने भाग लिया।

### कुल 1,85,609 मामलों का हुआ निस्तारण

करंट क्राइम : लोक अदालत के दौरान विभिन्न प्रकृति के कुल 1,85,609 मामलों का निस्तारण किया गया। इनमें सुलह योग्य एवं शमनीय 49,738 मामलों को आपसी समझौते के आधार पर निपटाया गया। अर्थदंड से दंडनीय मामलों में 38,49,786 रुपये का अर्थदंड आरोपित कर वसूल किया गया। परिवार न्यायालय में वैवाहिक विवाद और भरण-पोषण से संबंधित 232 मामलों का सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया। इससे कई परिवारों के लंबे समय से चल रहे विवाद समाप्त हुए।

### छोटे मामलों का भी हुआ समाधान

करंट क्राइम : लोक अदालत में लेबर एक्ट, वाणिज्य अधिनियम, यूपी एक्ट-26, पुलिस अधिनियम, बाट-माप अधिनियम, मोटर वाहन अधिनियम, आबकारी अधिनियम तथा जिला परिषद अधिनियम से जुड़े लघु प्रकृति के मामलों का भी निस्तारण किया गया। मोटर वाहन दुर्घटना प्रतिकर से जुड़े 101 मामलों का निस्तारण करते हुए पीड़ित पक्षों को कुल 4,83,35,039 रुपये मुआवजा दिए जाने के आदेश पारित किए गए। विभिन्न बैंकों और इरठछ से संबंधित 773 लोन रिकवरी मामलों का निस्तारण करते हुए 2,36,48,171 रुपये की धनराशि की वसूली के आदेश दिए गए। राजस्व न्यायालयों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1,34,994 राजस्व मामलों का निस्तारण भी इस राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन में अधिवक्ताओं के साथ-साथ मीडियाकर्मियों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही विभिन्न विधि महाविद्यालयों के छात्रों ने भी भाग लेकर न्यायिक प्रक्रिया को नजदीक से समझा और लोक अदालत की कार्यवाही में सक्रिय सहभागिता निभाई।



## बीमा पॉलिसी के नाम पर साइबर ठगी करने वाला अंतरराज्यीय गैंग पकड़ा, 5 आरोपियों को दबोचा

### 1.5 करोड़ की ठगी का खुलासा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की साइबर क्राइम टीम ने बीमा कंपनियों के प्रतिनिधि बनकर लोगों से ठगी करने वाले एक अंतरराज्यीय गैंग का पदार्फाश करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 10 मोबाइल फोन, 16 एटीएम कार्ड, 11 सिम कार्ड, एक कार और 74 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। डीसीपी सिटी जोन धवज जयसवाल ने बताया है कि जांच में सामने आया है कि यह गैंग बीमा पॉलिसी में रिफंड दिलाने, बोनस दिलाने और अतिरिक्त लाभ का लालच देकर लोगों से पैसे ट्रांसफर करवाता था। पुलिस की जांच में चार राज्यों में करीब 1.5 करोड़ रुपये की साइबर ठगी की चार घटनाओं का खुलासा हुआ है। आरोपी पहले लाइफ इंश्योरेंस कॉल सेंटर में काम कर चुके थे। वहां से उन्होंने पॉलिसी धारकों का डाटा हासिल कर लिया। इसके बाद फर्जी सिम और आईडी के जरिए लोगों को फोन कर खुद को बीमा कंपनी का ग्राहक सेवा अधिकारी बताते थे।

आरोपी पॉलिसी में रिफंड, बोनस या टैक्स रिफंड का झांसा देकर पीड़ितों से अलग-अलग बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर करवा लेते थे। पैसे मिलने के बाद यह लोग आरबीआई, बीमा लोकपाल और इनकम टैक्स विभाग के नाम से फर्जी रसीद और पॉलिसी दस्तावेज भेज देते थे, जिससे पीड़ितों को शक न हो।

### ऐप से बनाते थे फर्जी पॉलिसी

करंट क्राइम : पुलिस जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी सुनील मिश्रा मूल निवासी बलिया, हाल निवासी नोएडा, पवन कुमार यादव मूल निवासी गाजीपुर, हाल निवासी उत्तम नगर दिल्ली, राहुल कुमार मिश्रा मूल निवासी सारण बिहार, हाल निवासी नोएडा, विजेंद्र कुमार सिंह मूल निवासी सुल्तानगंज बिहार, हाल निवासी नोएडा और दीपक कुमार मूल निवासी बदायूं, हाल निवासी नोएडा गैंग का सदस्य हैं। जो ऐप की मदद से फर्जी पॉलिसी और रसीद तैयार करता था, जिन्हें व्हाट्सएप के माध्यम से पीड़ितों को भेजा जाता था। गैंग के सदस्यों ने आपसी समन्वय के लिए व्हाट्सएप ग्रुप भी बना रखा था, जिसमें ठगी से जुड़ी जानकारी साझा की जाती थी। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, गुजरात और मध्य प्रदेश के लोगों को निशाना बनाकर लाखों रुपये की ठगी की है। महाराष्ट्र के एक व्यक्ति से करीब एक करोड़ रुपये तक की ठगी करने की बात भी सामने आई है।

### आगे भी दबोचे जाएंगे सदस्य

करंट क्राइम : डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल ने बताया कि साइबर क्राइम टीम को लंबे समय से इस गैंग की तलाश थी। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से बरामद मोबाइल, सिम और बैंक खातों की जांच की जा रही है, जिससे अन्य साइबर ठगी की घटनाओं का भी खुलासा होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि गैंग के कुछ अन्य सदस्य अभी फरार हैं, जिनकी तलाश के लिए पुलिस टीमें लगाई गई हैं। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# इच्छामृत्यु पर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय, अनंत पीड़ा से मुक्ति और सम्मानजनक मृत्यु का अधिकार: बालेश्वर त्यागी



### सुप्रीम कोर्ट ने दी अनुमति

सर्वोच्च न्यायालय ने 13 वर्षों से कोमा में पड़े 32 वर्षीय हरीश राणा के मामले में उनके माता-पिता की याचिका स्वीकार करते हुए इच्छा मृत्यु की अनुमति दी।

### 13 वर्षों से कोमा में था युवक

इंजीनियरिंग छात्र हरीश राणा हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिरने के बाद कोमा में चला गया था और तब से उसे जीवन का कोई बोध नहीं हो पाया।

### माता-पिता के लिए भावनात्मक निर्णय

पिता अशोक राणा और मां निर्मला ने बेटे को बचाने के हर प्रयास के असफल होने के बाद अंतहीन पीड़ा से मुक्ति दिलाने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया।



### सम्मानजनक मृत्यु पर नई बहस

न्यायालय के इस निर्णय ने यह प्रश्न फिर उठाया है कि क्या केवल जीवनरक्षक उपकरणों के सहारे सांस लेना ही जीवन माना जाए या असहनीय पीड़ा से मुक्ति को भी अधिकार माना जाए।

### आध्यात्मिक और सामाजिक दृष्टिकोण

लेख में गीता, विनोबा भावे और जैन परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि शरीर परिवर्तन और स्वेच्छा से मृत्यु स्वीकार करने की अवधारणा भारतीय परंपरा में पहले से मौजूद है।

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सर्वोच्च न्यायालय ने हरीश राणा के माता पिता के अनुरोध को स्वीकार करते हुए इच्छा मृत्यु को स्वीकृति दी है। 13 वर्ष से कोमा में पड़े 32 वर्ष के हरीश को अनंत पीड़ा से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इंजीनियरिंग के छात्र की हॉस्टिल की चौथी मंजिल से गिरने के कारण कोमां में गए हरीश को फिर कभी जीवित होने का अहसास नहीं हो पाया। हरीश के पिता अशोक राणा और मां निर्मला के लिए ये बड़ा भावुक क्षण है। अपना सब कुछ दांव पर लगाकर अपने बेटे को बचाने के सारे प्रयासों की असफलता के बाद उन्हें अपने पुत्र को अनंत पीड़ा से मुक्ति के लिए सर्वोच्च न्यायालय तक गुहार लगानी पड़ी। ये कैसा विचित्र संयोग है कि माता पिता के लिए बच्चे का जीवित रहना और मृत्यु का वरण करना दोनों पीड़ादायक हैं।

मातापिता का यह फैसला एक साहसिक फैसला है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी इच्छा मृत्यु की स्वीकृति प्रदान करके व्यक्ति को अंतहीन पीड़ा से मुक्ति और सम्मानजनक मृत्यु का अभयदान देकर मानवता को एक नई परिभाषा दी है। भारत जैसे देश में जिसमें जीवन को एक विशेष आध्यात्मिक नजरिए से देखने का दर्शन विद्यमान है, वहाँ केवल जीवन रक्षक उपकरणों के द्वारा सांस के आने जाने को जीवन नहीं कह सकते। सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय से जहां एक माता पिता को बेटे को अनंत पीड़ा से मुक्ति मिलेगी, वहीं एक आत्मा जो एक निष्क्रिय शरीर में पड़ी है, उसे भी एक नए शरीर के रूप में नया जीवन मिलेगा। अपने देश में भी दुर्घटना के शिकार होकर केवल सांस लेने को जीवन मानने के विचार कोई नई परिभाषा किए जाने की आवश्यकता है।

गीता में कहा गया है कि -

*वासांसि जीर्णानि यथा विहाय*
*नवानि गृह्णाति नरोऽपराणि।*
*तथा शरीराणि विहाय जीर्णा-*
*न्यन्यानि संयाति नवानि देही।।*

जैसे मनुष्य जगत में पुराने जीर्ण वस्त्रों को त्याग कर अन्य नवीन वस्त्रों को ग्रहण करते हैं, वैसे ही जीवात्मा पुराने शरीर को छोड़कर नवीन शरीरों को प्राप्त करती है।

क्या एक जीर्णशीर्ण शरीर को त्यागकर दूसरा शरीर धारण करने के निर्णय का अधिकार आत्मा के उस शरीर को नहीं दिया जा सकता जिसमें वह वास करती है या उस अभिभावक को नहीं दिया जा सकता जो उस शरीर का पोषण और संरक्षण कर रहा है ? मुझे स्मरण है जब सर्वोदय नेता विनोबा भावे बीमार हुए तो उन्होंने स्वय से दवाइयों और उपचार का त्याग करके प्राकृतिक रूप से जीवन को समाप्त होने की प्रक्रिया को स्वीकार किया। जैन समाज में भी कई संत भोजन और दवाइयां त्याग कर स्वेच्छा से मृत्यु के वरण का आह्वान करते हैं । अभी तक कानूनी स्थिति ये ही है कि अगर कोई जीवन रक्षक उपकरणों पर मात्र केवल सांस लेने तक जीवित है फिर चाहे कितना भी समय हो जाय उसके जीवन रक्षक उपकरणों नहीं हटाए जा सकते हैं। मरीज को वेंटिलेटर पर ले जाने के समय तो मरीज के तीमारदारों से स्वीकृति ली जाती है लेकिन जब तक सांस है तबतक तीमारदारों के कहने पर भी वेंटिलेटर नहीं हटाया जा सकता है। भारत जैसे देश में जहां इलाज के भारीभरकम खर्च को उठाने की सामर्थ्य बहुत सीमित लोगों में है और इसमें भी मरीज के जीवन की आस समाप्त हो जाय तब इसको एक नए नजरिए से देखने की आवश्यकता है।

## संपादकीय

# बढ़ती कीमतों की मार

जब किसी भी तरह के रोजगार से आय का स्तर ठहरा हुआ हो, जरिया सीमित हो, तो आम आदमी की उम्मीद यही होती है कि बाजार में जरूरी वस्तुओं की कीमतें उसकी पहुंच में हों या फिर कम से कम स्थिर रहें। मगर पिछले कुछ वर्षों से आमदनी की तुलना में रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने के लिए लोगों को जितना खर्च करना पड़ रहा है, वह कई बार भारी पड़ता है।
माना जाता है कि दिसंबर से फरवरी तक की अवधि में बाजार में सब्जियों की आवक ज्यादा होने की वजह से महंगाई काबू में रहेगी। मगर सरकार की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में खुदरा महंगाई फरवरी में बढ़ कर 3.21 फीसद हो गई। हालांकि जनवरी में यह 2.74 फीसद के स्तर पर रही थी। जाहिर है, सिर्फ एक महीने के भीतर जरूरी वस्तुओं की कीमतों में तेज इजाफा हुआ और यह पिछले दस महीने के सबसे उच्च स्तर पर दर्ज किया गया।
कहा जा सकता है कि फरवरी के आंकड़े के मुताबिक महंगाई दर चार फीसद से नीचे है, लेकिन यह भी देखने की जरूरत है कि कीमतों के संदर्भ में जरूरी सामान तक आम लोगों की पहुंच किस हद तक आसान है। यह छिपा नहीं है कि रोजगार और आय की कसौटी पर देश की ज्यादातर आबादी के लिए स्थिति अब भी संतोषजनक नहीं है। लंबे समय से स्थिर आमदनी और कमजोर क्रयशक्ति की स्थिति में जब सबसे जरूरी चीजों पर लोगों का खर्च थोड़ा भी बढ़ता है, तो उसके लिए मुश्किलें पैदा होती हैं।
फरवरी में महंगाई के आंकड़ों में बढ़ोतरी का मुख्य कारण दरअसल खाने-पीने की चीजों के दामों में बढ़ोतरी रहा। खुदरा महंगाई से इस बात का पता चलता है कि ग्राहकों की खपत और खर्च की स्थिति क्या है। इसी वजह से रिजर्व बैंक अपनी नीति तय करते समय खुदरा महंगाई को ही अपना आधार बनाता है। अगर खुदरा महंगाई की दर उसके तय दायरे यानी चार फीसद के बाहर चली जाती है तो फिर कर्ज के सस्ता होने की उम्मीद भी कम हो जाती है। महंगाई के ताजा आंकड़े फरवरी के हैं, जब पश्चिम एशिया में युद्ध के हालात नहीं थे। अब पिछले कुछ दिनों से जिस तरह ईरान के खिलाफ इजराइल और अमेरिका की साझा जंग चल रही है, उसका बाजार में थोक और खुदरा महंगाई पर क्या असर पड़ेगा, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। दरअसल, युद्ध की वजह से तेल की सहज आपूर्ति को लेकर पहले ही कई तरह की आशंकाएं उभर रही थीं कि इस बीच ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य के समुद्री मार्ग को बाधित कर दिया। इसके बाद उस रास्ते से भारत में भी कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति व्यापक पैमाने पर बाधित हुई है और इसका असर बाजार पर पड़ना तय माना जा रहा है। फिलहाल खाना पकाने वाले गैस की कीमत में इजाफा और गैस सिलेंडरों की कमी की आशंका में लोगों के बीच मची अफरा-तफरी देखी जा सकती है। ऐसे में इस बात की आशंका गहरा रही है।

# भारत-ब्रिटेन एफटीए जल्द होगा लागू
# पीयूष गोयल बोले–तेजी से बढ़ रही प्रक्रिया

**नई दिल्ली।** पीयूष गोयल ने अपने संबोधन में भारत-ईएफटीए व्यापार समझौते के महत्व पर भी जोर दिया और इसे यूरोप के साथ भारत के आर्थिक संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि इस समझौते ने यूरोपीय क्षेत्र के साथ गहरे आर्थिक संबंधों की शुरूआत की और आगे अन्य व्यापार समझौतों का रास्ता भी खोला।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत और ब्रिटेन के बीच होने वाला मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) जल्द लागू हो सकता है। उन्होंने बताया कि ब्रिटेन में इस समझौते को मंजूरी देने की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। राष्ट्रीय राजधानी में एसोचैम द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बोलते हुए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौता तेजी से आगे बढ़ रहा है और यह ब्रिटेन की संसद द्वारा सबसे तेजी से मंजूर किए जाने वाले व्यापार समझौतों में से एक



बन सकता है।

**जल्द ही लागू हो सकता है समझौता- पीयूष गोयल :** उन्होंने बताया कि यह समझौता 24 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ब्रिटेन यात्रा के दौरान चेकर्स में हस्ताक्षरित किया गया था। केंद्रीय मंत्री ने उम्मीद जताई कि यह समझौता जल्द ही लागू हो सकता है। उन्होंने कहा कि इस समझौते की तेजी से प्रगति दोनों देशों के बीच मजबूत सहयोग और लंदन में भारतीय राजनयिक टीम के प्रयासों को दशार्ती है। मंत्री ने अपने संबोधन में भारत-ईएफटीए व्यापार समझौते के महत्व पर भी जोर दिया और इसे यूरोप के साथ भारत के आर्थिक संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया।

**'समझौते ने अन्य व्यापार समझौतों का रास्ता भी खोला' :** उन्होंने कहा कि इस समझौते ने यूरोपीय क्षेत्र के साथ गहरे आर्थिक संबंधों की शुरूआत की और आगे अन्य व्यापार समझौतों का रास्ता भी खोला। पीयूष गोयल ने बताया कि ईएफटीए समझौते के बाद भारत ने ब्रिटेन के साथ भी व्यापार समझौता किया और बाद में 27 देशों वाले यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ भी समझौते पर सहमति बनी। उन्होंने कहा कि यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन ने भारत-ईयू समझौते को 'मदर ऑफ ऑल डील्स' बताया था।

## अकासा एयर 15 मार्च से लगाएगा ईंधन अधिभार
# टिकट 199 से 1300 रुपये तक होंगे महंगे

**नई दिल्ली।** अकासा एयर ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय टिकटों पर फ्यूल सरचार्ज लगाने का फैसला किया है। घरेलू उड़ानों पर यह शुल्क 199 रुपये से 1,300 रुपये तक होगा। पश्चिम एशिया तनाव के बीच जेट फ्यूल महंगा होने से एयरलाइंस की लागत बढ़ी है।




अकासा एयर ने घोषणा की है कि 15 मार्च से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के टिकटों पर ईंधन अधिभार (फ्यूल सरचार्ज) लगाया जाएगा। एयरलाइन के अनुसार, यह अतिरिक्त शुल्क घरेलू उड़ानों के टिकटों पर 199 रुपये से 1,300 रुपये तक होगा। इस कदम से यात्रियों को अब अपनी यात्रा के लिए अधिक भुगतान करना होगा।

### क्यों लगाया गया अधिभार?

पिछले कुछ समय से वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। इसका सीधा असर विमानन कंपनियों के परिचालन लागत पर पड़ रहा है। ईंधन लागत विमानन कंपनियों के कुल खर्च का एक बड़ा हिस्सा होती है। इस अधिभार का उद्देश्य बढ़ती परिचालन लागत के बोझ को कम करना है। यात्रियों को टिकट बुक करते समय इस अतिरिक्त शुल्क का ध्यान रखना होगा। यह अधिभार टिकट की मूल कीमत के अतिरिक्त होगा। एयरलाइन ने कहा कि वह बाजार की स्थितियों की लगातार निगरानी करती रहेगी।

**यात्रियों पर प्रभाव और लागू होने की तिथि**
यह नया ईंधन अधिभार 15 मार्च, 2026 से प्रभावी होगा। इसका मतलब है कि इस तिथि के बाद बुक किए गए सभी टिकटों पर यह शुल्क लगेगा।

# आयकर विभाग की अपील: गलत जानकारी वाले ईमेल को करें नजरअंदाज

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने शनिवार को करदाताओं से आकलन वर्ष 2026-27 के अग्रिम कर ई-अभियान के तहत भेजे गए 'महत्वपूर्ण लेनदेन जुड़ी त्रुटिपूर्ण ईमेल को नजरअंदाज करने की अपील की है। विभाग ने स्वीकार किया है कि इन संचारों में गलत जानकारी शामिल थी, जिसकी रिपोर्ट करदाताओं ने की थी। यह त्रुटि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए भेजे गए ईमेल में पाई गई है। विभाग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि उसे करदाताओं से गलत जानकारी वाले ईमेल मिलने की शिकायतें मिली हैं।

विभाग ने इस मुद्दे को ध्यान में लाने के लिए करदाताओं का धन्यवाद किया और हुई असुविधा के लिए माफी मांगी। अधिकारियों ने बताया कि संचार प्रणाली के लिए जिम्मेदार सेवा प्रदाता के समन्वय से इस मामले को सुलझाया जा रहा है। विभाग ने कहा, हम अपने 10सेवा प्रदाता के समन्वय से इस मामले को सक्रिय रूप से हल करने के लिए काम कर रहे हैं। विभाग ने आगे कहा,




₹इस बीच, करदाताओं से अनुरोध है कि वे आकलन वर्ष 2026-27 के अग्रिम कर ई-अभियान से संबंधित पहले के ईमेल संचार को नजरअंदाज करें। आयकर विभाग ने स्पष्ट किया कि ऐसे संचार करदाताओं के लिए अनुपालन पोर्टल पर उपलब्ध वित्तीय जानकारी की समीक्षा करने और आवश्यक होने पर उचित अग्रिम कर अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए सुविधा प्रदान करने वाले अनुस्मारक के रूप में होते हैं।

### गलती से भेजे गए ईमेल का कारण और समाधान

आयकर विभाग ने स्वीकार किया है कि अग्रिम कर ई-अभियान के तहत भेजे गए कुछ ईमेल में महत्वपूर्ण लेनदेन से संबंधित गलत विवरण थे। यह समस्या आकलन वर्ष 2026-27 (वित्तीय वर्ष 2025-26) के लिए भेजे गए ईमेल में सामने आई है। विभाग ने करदाताओं को हुई असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है। इस मामले को सेवा प्रदाता के साथ मिलकर सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है।

### करदाताओं के लिए निर्देश

विभाग ने करदाताओं से अनुरोध किया है कि वे पहले भेजे गए त्रुटिपूर्ण ईमेल को अनदेखा करें। करदाताओं को सलाह दी गई है कि वे अपनी लेनदेन जानकारी की पुष्टि आयकर ई-फाइलिंग पोर्टल पर उपलब्ध अनुपालन पोर्टल के 'ई-अभियान' टैब के माध्यम से करें। ये संचार केवल करदाताओं को उनकी वित्तीय जानकारी की समीक्षा करने और अग्रिम कर का भुगतान सुनिश्चित करने के लिए एक अनुस्मारक के रूप में कार्य करते हैं। विभाग ने इस प्रक्रिया में करदाताओं से सहयोग की अपेक्षा की है।

# इंडियन ऑयल की श्रीलंकाई इकाई का आश्वासन
# पड़ोसी देश की ऊर्जा सप्लाई में नई पड़ेगा खलल

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच लंका इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने श्रीलंका को भरोसा दिलाया है कि देश में ईंधन आपूर्ति और ऊर्जा सुरक्षा बनी रहेगी। यह आश्वासन ऐसे समय दिया गया है, जब श्रीलंका ने भारत से ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला बनाए रखने में सहयोग मांगा है। लंका इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (एलआईओसी) ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच श्रीलंका को निरंतर ईंधन आपूर्ति और ऊर्जा सुरक्षा प्रदान करने का आश्वासन दिया है।




कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि एलआईओसी देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह बयान श्रीलंका के विदेश मंत्री विजिता हेराथ द्वारा अपने भारतीय समकक्ष डॉ. एस. जयशंकर से ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला बनाए रखने के अनुरोध के बाद आया है। एलआईओसी के प्रबंध निदेशक के. रघु ने शनिवार को कोलंबो में प्रबंधन छात्रों की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि लंका आईओसी के प्रबंध निदेशक के रूप में, मैं लोगों से केवल इतना कहना चाहता हूं कि आप सभी सुरक्षित हाथों में हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम ईंधन आपूर्ति बनाए रखेंगे और देश को ऊर्जा सुरक्षा प्रदान करेंगे, जो बहुत महत्वपूर्ण है।

### एलआईओसी की श्रीलंका में भूमिका

एलआईओसी श्रीलंका में एक महत्वपूर्ण ऊर्जा प्रदाता है, जो पूरे देश में 200 ईंधन स्टेशनों का संचालन करता है। कंपनी की बाजार में 20 फीसदी हिस्सेदारी है। एलआईओसी पहली बार 2003 में 20 साल के अनुबंध के तहत श्रीलंका आया था, जिसे 2023 में नवीनीकृत किया गया है। कंपनी ने मध्य 2022 में देश को आर्थिक संकट का सामना करने पर भी श्रीलंकाई लोगों की सहायता की थी, जब लोगों को ईंधन स्टेशनों पर लंबी कतारों में इंतजार करना पड़ा था।

### ऊर्जा सुरक्षा पर राजनयिक प्रयास

श्रीलंका के विदेश मंत्री विजिता हेराथ ने 6 मार्च को भारत की अपनी आधिकारिक यात्रा के दौरान डॉ. एस. जयशंकर के साथ इस मामले पर चर्चा की थी। हेराथ ने विश्वास व्यक्त किया था कि उनका अनुरोध द्वीप राष्ट्र की ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को बनाए रखने में मदद करेगा। एलआईओसी का यह आश्वासन ऐसे समय में आया है जब पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजारों में अनिश्चितता बनी हुई है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- पृथ्वी तक सूर्य प्रकाश का पहुंचने में 8 मिनट 18 सेकण्ड का समय लेता है।
- पृथ्वी का समुद्र तल से अधिकतम ऊँचा उठा हुआ भाग 15000 मीटर तक हो सकता है इससे अधिक नहीं। इसकी वजह पृथ्वी की गुरूत्वाकर्षण शक्ति है।
- पृथ्वी का एकमात्र उपग्रह चन्द्रमा है,जो कभी इसी का ही भाग था ।
- आज से 450 करोड़ साल पहले, सूर्य मंडल में मंगल के आकार का एक ग्रह था जो कि पृथ्वी के साथ एक ही ग्रहपथ पर सूर्य की परिक्रमा करता था। मगर यह ग्रह किसी कारण धरती से टकराया और एक तो धरती मुड़ गई और दूसरा इस टक्कर के फलस्वरूप जो पृथ्वी का हिस्सा अलग हुआ उससे चाँद बन गया ।
- पृथ्वी को सूर्य से ऊर्जा मिलती है और यही ऊर्जा पृथ्वी की सतह को गरम करती है।
- सूर्य की ऊर्जा का कुछ भाग पृथ्वी और समुद्र की सतह से टकराकर वायुमंडल में बदल जाता है।
- पृथ्वी आकार में पांचवां सबसे बड़ा ग्रह है।
- आकार और बनावट में पृथ्वी शुक्र की तरह है।
- पृथ्वी सौरमण्डल का एकमात्र ऐसा ग्रह है जिस पर जीवन है।

## राशिफल

**मेष :** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। कारोबारी कामकाज मनोनुकूल लाभ देंगे।
**वृष :** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। नए कारोबारी अनुबंध हो सकते हैं।
**मिथुन :** धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के कामों में सफलता प्राप्त होगी।
**कर्क :** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। शारीरिक हानि व कष्ट संभव है। किसी अपने ही व्यक्ति से अकारण विवाद हो सकता है।
**सिंह :** शत्रुता बढ़ सकती है। वाणी में नियंत्रण आवश्यक है। कुंआरों के लिए वैवाहिक प्रस्ताव आ सकता है। शारीरिक समस्या हो सकती है।
**कन्या :** परिवार के छोटे सदस्यों की अध्ययन संबंधी चिंता रह सकती है। दुष्टजनों से सावधान रहें। स्थायी संपत्ति में वृद्धि हो सकती है।
**तुला :** शारीरिक कष्ट संभव है। चोट व रोग से बचें। आराम के साधनों पर खर्च होगा। लेखन व पठन-पाठन में समय व्यतीत हो सकता है। सफलता प्राप्त करेंगे।
**वृश्चिक :** पुराना रोग परेशानी का कारण रह सकता है। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद संभव है। क्लेश रहेगा। मन में दुविधा रहेगी।
**धनु :** दांपत्य जीवन सुखमय व्यतीत होगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। किसी भी विवाद में न पड़ें। प्रयास सफल रहेंगे। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे।
**मकर :** किसी भी कानूनी फेर में न पड़ें। वाणी पर संयम रखें। मस्तिष्क पीड़ा हो सकती है। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में अतिथियों का आगमन होगा।
**कुंभ :** बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभ देगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी।
**मीन :** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। हाथ तंग रहेगा। किसी व्यक्ति से व्यर्थ में विवाद हो सकता है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। भावनाओं को वश में रखें।

## चुटकुले

टीचर : पप्पू, तुम्हारा फेवरेट सब्जेक्ट कौन सा है?
पप्पू : छुट्टी!
टीचर : ये सब्जेक्ट नहीं होता।
पप्पू : तो फिर सबसे ज्यादा मार्क्स उसी में क्यों मिलते हैं?

---

पत्नी : सुनो जी, मैं नाराज हूँ!
पति : क्यों?
पत्नी : तुमने सपना तक नहीं पूछा।
पति : पूछूँगा तो खर्चा भी आएगा!

---

दोस्त : भाई, आजकल बहुत बिजी रहता है।
गोलू : हाँ यार, जिंदगी अपडेट हो रही है।
दोस्त : कैसी अपडेट?
गोलू : Bug fix नहीं, नए Bug आ रहे हैं!

---

मरीज : डॉक्टर साहब, मुझे याददाश्त कम हो गई है।
डॉक्टर : कब से?
मरीज : कब से क्या?
डॉक्टर : ठीक है, फीस अभी दे देना—बाद में भूल जाओगे!

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364


सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक
**करंट क्राइम**
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)



# गिल-मंधाना वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

## बिन्नी और द्रविड़ को भी मिलेगा अवॉर्ड; विश्वकप विजेताओं का होगा सम्मान



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने नमन अवॉर्ड 2026 की घोषणा कर दी है। यह समारोह 15 मार्च को नई दिल्ली में आयोजित होगा। इस दौरान भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल को बीसीसीआई के प्रतिष्ठित 'क्रिकेटर ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। 'क्रिकेटर ऑफ द ईयर' पुरस्कार को 'पॉली उमरीगर क्रिकेट ऑफ द ईयर' अवॉर्ड भी कहा जाता है। वहीं, महिलाओं में स्मृति मंधाना को उनके करियर में पांचवीं बार सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर से सम्मानित किया जाएगा।

### सचिन-अश्विन की बराबरी करेंगे गिल

शुभमन ने दूसरी बार यह पुरस्कार जीता है। इससे पहले साल 2023 में भी उन्हें इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। दूसरी बार यह अवॉर्ड जीतने के साथ ही शुभमन सचिन तेंदुलकर और रविचंद्रन अश्विन की बराबरी कर लेंगे। इन दोनों ने भी यह अवॉर्ड दो-दो बार जीता था। इन तीनों से ज्यादा बार इस अवॉर्ड से विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह ही सम्मानित हुए हैं। कोहली पांच बार बीसीसीआई के साल के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर रहे हैं, वहीं बुमराह ने तीन बार यह अवॉर्ड जीता है।

26 वर्षीय शुभमन ने पिछले साल यानी 2025 टेस्ट और वनडे क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया। हालांकि, उन्हें हाल ही में टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम में जगह नहीं मिली थी, लेकिन बाकी दो फॉर्मेट में उनका प्रदर्शन बेहद दमदार रहा। शुभमन ने 2025 में टेस्ट क्रिकेट में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 983 रन बनाए। इसमें इंग्लैंड के खिलाफ उसकी सरजमीं पर खेली गई सीरीज में 754 रन शामिल रहे, जो उनकी बेहतरीन फॉर्म को दर्शाता है। इंग्लैंड से टेस्ट सीरीज में उनका औसत 70 से अधिक रहा और उन्होंने कई महत्वपूर्ण पारियां खेलीं।

### बिन्नी, द्रविड़ और मिताली को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

बीसीसीआई ने पूर्व भारतीय खिलाड़ी रोजर बिन्नी और राहुल द्रविड़ को कर्नल सी.के. नायुडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित करने का फैसला किया है। वहीं, महिलाओं में यह पुरस्कार मिताली राज को दिया जाएगा। बिन्नी बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष भी रह चुके हैं, जबकि द्रविड़ के कोचिंग कार्यकाल में भारत ने 2024 टी20 विश्व कप का खिताब अपने नाम किया था। मिताली को भी भारत में महिला क्रिकेट में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया जा रहा है।

### वनडे और आईपीएल में भी दमदार फॉर्म

वनडे क्रिकेट में भी गिल ने अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने कुल 490 रन बनाए, जिसमें भारत की चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली मुहिम में बनाए गए 188 रन भी शामिल हैं। अगर सभी फॉर्मेट को मिलाकर देखा जाए तो गिल ने पिछले साल कुल 1,764 रन बनाए, जिनमें सात शतक और तीन अर्धशतक शामिल रहे। उनका औसत करीब 49 का रहा। इसके अलावा आईपीएल में भी गिल का बल्ला खूब चला। गुजरात टाइटंस के लिए खेलते हुए और टीम की कप्तानी करते हुए उन्होंने 650 रन बनाए और लगभग 50 के औसत से बल्लेबाजी की।

### म्हात्रे-हर्ष दुबे को मिलेगा सम्मान



अपनी कप्तानी में अंडर-19 विश्व कप का खिताब दिलाने वाले मुंबई के आयुष म्हात्रे को घरेलू सीमित ओवर के टूनामेंट में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर का अवॉर्ड मिलेगा। इस पुरस्कार को लाला अमरनाथ अवॉर्ड के नाम से जाना जाता है। वहीं, विदर्भ के हर्ष दुबे को 2024-25 रणजी ट्रॉफी सीजन में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर चुना गया है।

### विश्व कप विजेता टीम को सम्मानित करेगा बीसीसीआई

बीसीसीआई नमन अवॉर्ड्स के दौरान सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली भारतीय टीम को सम्मानित करेगा जिन्होंने हाल ही में टी20 विश्व कप का खिताब जीता था। इतना ही नहीं नमन अवॉर्ड्स के दौरान सभी पांच भारतीय टीमों का सम्मान होगा जिन्होंने हाल ही में आईसीसी ट्रॉफी अपने नाम की है। इस दौरान पुरुष टी20 टीम के अलावा, महिला विश्व कप 2025 की विजेता, चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की विजेता, अंडर-19 विश्व कप 2026 और महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप 2025 की विजेता भारतीय टीम को सम्मानित किया जाएगा।



# कुलदीप की शादी में सितारों का जमावड़ा

## रिंकू और रैना के साथ नजर आए फील्डिंग कोच दिलीप



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के स्टार स्पिनर कुलदीप यादव आज नई पारी की शुरूआत करने जा रहे हैं। मसूरी में वह बचपन की दोस्त वंशिका के साथ शादी रचाएंगे। इस समारोह में शामिल होने के लिए पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना, युजवेंद्र चहल सहित कई हस्तियां पहुंची हैं।

### शादी के लिए तैयारियों जोर-शोर से जारी

कुलदीप और वंशिका की शादी के प्री वेडिंग कार्यक्रम फिलहाल जारी हैं। शुक्रवार को मेहंदी और संगीत सेरेमनी थी जिसमें कुलदीप जमकर थिरके थे। शादी समारोह के लिए होटल को फूलों, रोशनी और पारंपरिक सजावट से विशेष रूप से सजाया गया है। होटल प्रबंधन ने मेहमानों के स्वागत और आतिथ्य के लिए बड़े स्तर पर व्यवस्थाएं की हैं।

मेहमानों के लिए पारंपरिक व्यंजनों के साथ-साथ उत्तराखंडी खाने का भी खास इंतजाम किया गया है। शादी में भारतीय क्रिकेट टीम के कई बड़े खिलाड़ियों के पहुंचने की उम्मीद है, इसलिए आयोजन स्थल की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। होटल परिसर में केवल आमंत्रित मेहमानों को ही प्रवेश दिया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन और होटल प्रबंधन ने कार्यक्रम को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था लागू की है।

### संगीत सेरेमनी में रैना-चहल आए नजर

इससे पहले शुक्रवार को कुलदीप और वंशिका की मेहंदी और संगीत सेरेमनी हुई। संगीत सेरेमनी में पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना, युजवेंद्र चहल थिरकते हुए नजर आए। रैना ने कुलदीप यादव के साथ भी डांस किया। भारतीय टीम के फील्डिंग कोच टी. दिलीप भी संगीत सेरेमनी में उपस्थित रहे। वहीं, टी20 विश्व कप टीम का हिस्सा रहे रिंकू सिंह भी अपनी मंगेतर प्रिया सरोज के साथ कुलदीप की शादी में शिरकत करने मसूरी पहुंच गए हैं।

### कब होगा रिसेप्शन?

लखनऊ में 17 मार्च को कुलदीप यादव और वंशिका का रिसेप्शन रखा गया है। बता दें कि कुलदीप औप वंशिका दोनों बचपन से एक दूसरे को जानते हैं। वंशिका ने ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न से पढ़ाई की है।

# आईपीएल के आगामी सत्र से पहले दिल्ली कैपिटल्स को झटका

## टीम के इस अहम सदस्य ने छोड़ा साथ

**मुंबई।** आईपीएल के 19वें सीजन की शुरूआत 28 मार्च से होगी, जिससे पहले इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन ने दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) फ्रेंचाइजी के मेंटर पद से इस्तीफा दे दिया है। 45 वर्षीय पीटरसन का कहना है कि वह इस भूमिका के लिए जरूरी समय नहीं दे पाएंगे। हालांकि, इस टूनार्मेंट में कमेंट्री बॉक्स में वापसी करेंगे।

दिल्ली कैपिटल्स ने पिछले साल फरवरी में पीटरसन को आईपीएल 2025 में इस भूमिका के लिए नियुक्त किया था। इस बीच पीटरसन ने सपोर्ट स्टाफ के साथ मिलकर काम किया, जिसमें क्रिकेट निदेशक वेणुगोपाल राव, हेड कोच हेमांग बदानी, असिस्टेंट कोच मैथ्यू मॉट और गेंदबाजी कोच मुनाफ पटेल शामिल थे।

पीटरसन का करियर

केविन पीटरसन ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 104 टेस्ट मैच खेले, जिसमें 47.28 की औसत के साथ 8,181 रन बनाए। इसके अलावा, 136 वनडे मुकाबलों में 40.73 की औसत के साथ 4,440 रन, जबकि 37 टी20 मुकाबलों में 37.93 के साथ 831 रन जोड़े। दक्षिण अफ्रीका में जन्मे इस क्रिकेटर ने 2008 से 2009 तक इंग्लैंड की कप्तानी की थी। उन्हें टी20 विश्व कप 2010 में 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' का खिताब मिला था। उनके इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत ही इंग्लैंड ने अपनी पहली आईसीसी ट्रॉफी जीती थी। पीटरसन ने आईपीएल करियर में कुल 36 मैच खेले, जिसमें 37.07 की औसत के साथ 1,001 रन बनाए।



### इस्तीफा देते हुए क्या बोले पीटरसन?

इंग्लैंड के इस दिग्गज खिलाड़ी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर यह जानकारी साझा करते हुए कहा, 'मैं इस आईपीएल सीजन में दिल्ली कैपिटल्स का मेंटॉर नहीं रह पाऊंगा। मैं इस काम के लिए जरूरी समय नहीं दे सकता। इस सीजन के लिए सभी खिलाड़ियों को मेरी शुभकामनाएं। हालांकि, मैं कमेंट्री बॉक्स में आप सभी से फिर मिलूंगा। आईपीएल दुनिया की सबसे बेहतरीन लीग है। मैं जल्द ही आप सभी को देखने के लिए बेताब हूं।'

# सुरेश रैना ने सैमसन को इस स्थान पर उतरने की दी सलाह, बोले- सीएसके का बल्लेबाजी क्रम संतुलित होगा

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के दिग्गज खिलाड़ी रहे सुरेश रैना ने कहा है कि संजू सैमसन को टीम के लिए तीन नंबर पर बल्लेबाजी करनी चाहिए। रैना का मानना है कि तीन नंबर पर खेलते हुए वह टीम के बल्लेबाजी क्रम को संतुलन देंगे। सीएसके ने राजस्थान रॉयल्स से सैमसन को ट्रेड किया था और वह इस सीजन सीएसके के लिए खेलेंगे।

### रैना बोले- गायकवाड़-म्हात्रे करें पारी की शुरूआत

सुरेश रैना ने कहा कि सीएसके के लिए ऋतुराज गायकवाड़ और आयुष म्हात्रे को पारी की शुरूआत करनी चाहिए। सैमसन को बल्लेबाजी यूनिट को संभालने और शीर्ष क्रम को मजबूत करने के लिए नंबर 3 पर बल्लेबाजी के लिए आना चाहिए। रैना ने कहा, सैमसन इतने वर्षों तक राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रहे। मुझे लगता है कि सीएसके में उनका रोल साफ होगा। गायकवाड़ और म्हात्रे पारी की शुरूआत करें और संजू नंबर तीन पर खेलें तो अच्छा होगा, क्योंकि तब डेवाल्ड ब्रेविस नंबर चार पर आएंगे, शिवम दुबे नंबर पांच पर आएंगे और उसके बाद एमएस धोनी आएंगे। मुझे लगता है कि वह सिर्फ आखिरी दो या तीन ओवर ही खेलेंगे।



रैना ने बतौर विकेटकीपर संजू सैमसन का समर्थन किया। उन्होंने कहा, 'संजू विकेटकीपर के तौर पर वहां रहेंगे। हमने देखा कि जब वह विश्व कप में खेले तो उन्होंने कैसा माहौल बनाया।' रैना सीएसके के लिए तीन नंबर पर ही बल्लेबाजी करते थे और टीम की बल्लेबाजी का मुख्य स्तंभ थे। रैना के बाद टीम को उनके जैसे बल्लेबाज की इस क्रम पर तलाश है।

### टी20 विश्व कप में दमदार रहा सैमसन का प्रदर्शन

सैमसन को आईपीएल 2026 की नीलामी से पहले सीएसके ने रवींद्र जडेजा और सैम करन की जगह राजस्थान रॉयल्स से ट्रेड किया था। सैमसन के पास आईपीएल का लंबा अनुभव है। वह 177 आईपीएल मैचों में 30.95 की औसत से 4704 रन बना चुके हैं। इस दौरान तीन शतक और 26 अर्धशतक उनके बल्ले से निकले हैं। संजू सैमसन का टी20 विश्व कप 2026 में शानदार प्रदर्शन रहा था और उनकी बल्लेबाजी भारत के चैंपियन बनने का मुख्य कारण रही। वेस्टइंडीज के खिलाफ मुकाबले में नाबाद 97, सेमीफाइनल में 89 और फाइनल में 89 रन की सैमसन की पारी ने भारत को चैंपियन बनाने में बड़ी भूमिका निभाई थी। कुल पांच मैचों में 321 रन बनाने वाले संजू सैमसन को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया था।



# पीएसएल को नजरअंदाज करने पर बौखलाया पाकिस्तान, मुजरबानी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की तैयारी में पीसीबी



**जिम्बाब्वे।** जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी ने आईपीएल को तवज्जो देते हुए पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में खेलने से इनकार कर दिया था। अब पाकिस्तान मुजरबानी के इस फैसले से बौखला गया है और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की तैयारी कर रहा है। दरअसल, कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने मुजरबानी को अपनी टीम में शामिल किया था, जिसके बाद जिम्बाब्वे के इस तेज गेंदबाज ने पीएसएल की फ्रेंचाइजी इस्लामाबाद यूनाइटेड को अपनी अनुपलब्धता के बारे में सूचित कर दिया था।

### पाकिस्तान को रास नहीं आया फैसला

मुजरबानी का यह फैसला पाकिस्तान को जरा भी रास नहीं आया है। समाचार एजेंसी आईएएनएस के अनुसार, पीसीबी मुजरबानी के फैसले को करार के उल्लंघन के रूप में देख रही है और कानूनी कार्रवाई के लिए विकल्पों पर विचार कर रही है। यह लगातार दूसरा साल है जब किसी खिलाड़ी ने पीएसएल करार पहले से होने के बावजूद आईपीएल को प्राथमिकता दी है। पिछले सीजन दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कॉर्बिन बॉश ने भी ऐसा ही कदम उठाया था। उन्हें पेशावर जाल्मी ने चुना था। बाद में वह आईपीएल की टीम मुंबई इंडियंस से जुड़ गए थे।

### इस्लामाबाद युनाइटेड ने मुजरबानी से किया था करार

मुजरबानी इससे पहले पीएसएल में मुल्तान सुल्तान को खिताब दिला चुके हैं। उन्हें 11 फरवरी को पीएसएल की नीलामी में किसी ने नहीं खरीदा था, लेकिन बाद में इस्लामाबाद फ्रेंचाइजी ने वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसेफ की जगह मुजरबानी के साथ करार किया था। हालांकि, केकेआर के साथ करार करने के बाद मुजरबानी ने आईपीएल में ही खेलने का फैसला किया।

### मुजरबानी ने किया था प्रभावित

ब्लेसिंग मुजरबानी ने हाल में संपन्न टी20 विश्व कप 2026 में शानदार गेंदबाजी की थी और जिम्बाब्वे को सुपर-8 में पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाई थी। मुजरबानी ने 13 विकेट लिए थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुजरबानी के चार विकेट ने ही जिम्बाब्वे को ग्रुप स्टेज में जीत दिलाई थी। आईपीएल और पीएसएल का सत्र एक बार फिर टकरा रहा है। आईपीएल 28 मार्च से शुरू हो रहा है, जबकि पीएसएल 26 मार्च से तीन मई तक प्रस्तावित है।

# विश्वकप ट्रॉफी के साथ सिद्धिविनायक मंदिर पहुंचे कप्तान सूर्यकुमार और कोच गंभीर, बप्पा का लिया आशीर्वाद



**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड को हराकर टीम इंडिया ने हाल ही में लगातार दूसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब जीता था। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए खिताबी मुकाबले में भारतीय टीम ने कीवियों को 96 रनों से हराया था और खिताब अपने नाम किया। शनिवार को आईसीसी अध्यक्ष जय शाह, टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर और टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ट्रॉफी के साथ मुंबई स्थित सिद्धिविनायक मंदिर पहुंचे और दर्शन किए।

भारतीय टीम ने सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में रिकॉर्ड तीसरी बार टी20 विश्व कप को अपने नाम किया था। इसके साथ ही भारत घरेलू सरजमीं पर टी20 विश्व कप का खिताब जीतने वाला पहला देश भी बना। भारतीय टीम टी20 विश्व कप के खिताब का बचाव करने वाली भी दुनिया की पहली टीम बनी थी।

### सूर्यकुमार के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पांच साल पूरे

भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पांच साल पूरे कर लिए हैं। सूर्यकुमार ने 14 मार्च 2021 को इंग्लैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय में डेब्यू किया था। भारत ने हाल ही में सूर्यकुमार की कप्तानी में टी20 विश्व कप का खिताब जीता था। सूर्यकुमार ने एक्स पर एक वीडियो शेयर किया है और अपनी यात्रा के पल को साझा किया है।

# रन आउट विवाद पर बहस तेज

## आगा का खेल भावना पर जोर, मेहदी से नहीं की सुलह; पाकिस्तानी खिलाड़ी के समर्थन में कैफ

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच मैच के दौरान शुक्रवार को उस वक्त विवाद हुआ जब मेहदी हसन मिराज ने विवादित तरीके से सलमान अली आगा को रन आउट कर दिया। इस पूरे विवाद पर अब सलमान आगा का बयान सामने आया है। आगा ने स्पष्ट कहा है कि उन्होंने इस मामले को लेकर अभी तक मेहदी के साथ सुलह नहीं की है। यानी आगा अभी तक नाराज हैं।

बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच शुक्रवार को ढाका के शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम में वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला गया। यह मैच सलमान अली आगा के रन-आउट के तरीके को लेकर चर्चा में है। आगा को जिस तरह आउट किया गया उसे खेल की भावना के खिलाफ माना जा रहा है।

इस मामले पर सलमान आगा ने कहा, मुझे लगता है कि खेल भावना होनी चाहिए। मैं मेहदी को गेंद वापस देने की कोशिश कर रहा था। ऐसी स्थिति में इसे डेड करार दिया जा सकता था। गेंद मेरे पैड पर और फिर मेरे बल्ले पर लगी, इसलिए मुझे लगा कि वह अब मुझे रन-आउट नहीं कर सकते, क्योंकि गेंद पहले ही मेरे पैड और मेरे बैट पर लग चुकी थी। मैं बस उन्हें गेंद वापस देने की कोशिश कर रहा था। मैं रन नहीं ले रहा था, लेकिन उसने पहले ही रन आउट करने का फैसला कर लिया। आगा ने कहा, बांग्लादेश ने जो किया है वह नियम के अनुसार है।

नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम
06 | रविवार • 15 मार्च -2026

# गाजियाबाद आसपास




# पूर्व अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ रिजवान मीर ने किया रोजा इफ्तार का आयोजन



गाजियाबाद करंट क्राइम। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष रिजवान मीर ने रोजा इफ्तार का आयोजन किया। शालीमार गार्डन में आयोजित रोजा इफ्तार पार्टी में पूर्व केन्द्रीय मंत्री सैय्यद शाहनवाज हुसैन, प्रदेश सरकार के मंत्री दानिश आजाद अंसारी, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष उबर बासित अली सहित सैंकड़ो गणमान्य लोगों ने इसमें भाग लिया। डॉ रिजवान मीर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## नेहरू वर्ल्ड स्कूल के वार्षिकोत्सव का विशेष आकर्षण रहा 'द स्कुईज ऐंड द स्कवैश'





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नेहरू वर्ल्ड स्कूल में कक्षा दो का वार्षिकोत्सव शनिवार को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ, जिसमें कक्षा दो के छात्रों ने उत्साह के साथ भाग लिया। विद्यालय की एक्जीक़्यूटिव हैड सुजैन होम्स ने समस्त अभिभावकों तथा गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के समारोह हमारे छात्रों में आत्मविश्वास, सृजनात्मकता का विकास करते हैं। हमारा विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सदा से प्रतिबद्ध है और रहेगा। इस प्रकार की गतिविधियाँ हमारे सामूहिक प्रयास को प्रदर्शित करती हैं। समारोह के विशेष अतिथि डॉ0 नृपन विश्नोई रहे जो ई.एन.टी विशेषज्ञ हैं। कक्षा दो के छात्रों द्वारा विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। जिसमें छात्रों ने 2025-26 की शैक्षणिक और सहशैक्षणिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कहानी के माध्यम से छात्रों ने यह संदेश देने का प्रयास किया कि संतोष हमारे जीवन की सबसे बड़ी पूँजी है। इसी से हम सभी समस्याओं का समाधान पा सकते हैं। कहानी दो ऐसे लोगों की है जिन्हें अपना घर छोटा लगता हैं पर एक बुद्धिमान व्यक्ति उन्हें कुछ जानवरों के माध्यम से यह शिक्षा देने का प्रयास करता है कि जो उनके पास है वह उनके लिए उचित व संतोषजनक है।

छात्रों ने अलग-अलग पात्रों व संवाद से नाटक को जीवंत बनाया तथा अपने अभिनय से सभी का दिल जीत लिया। विद्यालय के डायरेक्टर डॉ0 अरुणाभ सिंह ने छात्रों के कठिन परिश्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं। डॉ0 सिंह ने विद्यालय के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए उपस्थित लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह के अंत में जूनियर स्कूल की प्रधानाचार्या पूनम गैरोला ने अभिभवाकों व अध्यापिकाओं की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों के विकास में हम सभी का योगदान अति आवश्यक है। ये छात्र आने वाले समय के कर्णधार हैं। इन्हें सही मार्गदर्शन देना हमारा परम कर्तव्य है। इस समारोह को सफल बनाने में हमारे नन्हे-नन्हे छात्र, अध्यापकगण व अभिभावक बधाई के पात्र हैं। जिसके लिए हम हृदय से धन्यवाद देते हैं।

## मौसम का बदला मिजाज, बढ़ती गर्मी से मिलेगी राहत; रविवार को बारिश की संभावना

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शहर में शनिवार को मौसम का मिजाज बदला-बदला नजर आया। दिनभर आसमान में बादलों और धूप के बीच आंखमिचौली चलती रही। कभी बादल छाने से लोगों को राहत मिली तो कभी धूप ने हल्की गर्मी का एहसास कराया। दिनभर यही सिलसिला जारी रहा। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को मौसम और बदल सकता है। विभाग ने वर्षा होने की संभावना जताई है। यदि वर्षा होती है तो पिछले कई दिनों से बढ़ रही गर्मी से लोगों को राहत मिल सकती है। तापमान में भी गिरावट के आसार हैं। रविवार को अधिकतम तापमान करीब 30 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

वहीं शनिवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिनभर हवा अधिकतम छह किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलती रही। इससे पहले शुक्रवार को दिनभर तेज धूप ने लोगों को परेशान किया था। हालांकि शाम के समय चली ठंडी हवा से कुछ राहत मिली, जिससे रात में भी गर्मी का अधिक एहसास नहीं हुआ।

## प्रतिभा सम्मान




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सिल्वर बैल्स स्कूल के द्वितीय कक्षा के छात्र सर्वम मित्तल को रिमार्केबल परफोर्मेंस दिखाने पर स्कूल द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। स्कूल मैनेजमेंट ने और शिक्षिकाओं ने सर्वम मित्तल की उत्कृष्ट योग्यता के लिए उन्हें सम्मानित किया। तुषार मित्तल और रूमा मित्तल के सुपुत्र सर्वम मित्तल ने सिल्वर बैल्स स्कूल में अपने शुरूआती शिक्षा से ही अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। महज दूसरी कक्षा से ही उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में एक अहम स्थान प्राप्त करते हुए स्कूल द्वारा सम्मानित होने का अवसर प्राप्त किया है।

## वीडियो वायरल की धमकी से तंग युवती ने दी जान

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में वेव सिटी पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी और ब्लैकमेलिंग कर एक युवती को आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाले मुख्य आरोपी राहुल जैन को गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी 13 मार्च को की गई। पुलिस के अनुसार बीते 16 फरवरी को पवन कुमार वर्मा निवासी महरौली वेव सिटी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनकी 23 वर्षीय पुत्री करिश्मा को नौकरी लगवाने का झांसा देकर आरोपियों ने पैसे ऐंठे थे। जब करिश्मा ने अपने पैसे वापस मांगे, तो आरोपियों ने उसकी 'सीडी' (वीडियो) वायरल करने की धमकी दी और उसे प्रताड़ित किया। इस मानसिक दबाव और ब्लैकमेलिंग से तंग आकर उनकी बेटी करिश्मा ने सल्फास खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली थी। पुलिस ने इस मामले में बीएनएस की धाराओं 318(4), 351(2), 108 के तहत मुकदमा दर्ज किया था। मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस टीम का गठन किया गया था।




## कार में बार पर नहीं होती अब कार्रवाई

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पुलिस की ओर से की जाने वाली कार्रवाईयों का संदेश दूर तक जाता है। खुद पुलिस के लखनऊ वाले अधिकारी भी इसकी निगरानी और नजरें रखने का काम करते हैं। अब पता चल रहा है कि जिस तरह से कभी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कार में बार बनाने वालों को लेकर पुलिस के अधिकारियों की अटेंशन और टेंशन दिखती थी वो अब लंबे समय से नजर ही नहीं आ रही है। अब तो पीने वालों की जुबान से भी यह शब्द सुनाई दे जाते हैं कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में आखिरी बार किस जोन में और किस महीने में कार में बार वाले अभियान को चलाया गया था, शायद ही



इस जवाब को ना तो सोशल मीडिया बता पायेगी और ना ही जिम्मेदार अधिकारी की बता पाएंगे। वैसे भी इन दिनों गर्मी बढ़ते ही जोन के कई इलाकों के कई चौराहों और प्रमुख स्थानों का हाल यह है कि सूरज भी नहीं डूबता है और कार में बार बन जाते हैं। वहीं मिशन शक्ति केंद्र के पास से भी निकलने पर महिलाओं और युवतियों को निकालने में परेशानी हो रही है। तो इलाके वाली पीआरवी भी रिस्पांस टाइम में फेल हो गई बताई जा रही है। अब पुलिस वाले ही सूत्र बता रहे हैं कि इन पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कार में बार वाली कार्रवाई को लेकर एकदम साइलेंट मोड बना हुआ है। इस मामले को लेकर कई बार अभियान चलाने के आदेश तो आए पर कार्रवाई वाली फोटो लंबे समय से नहीं आई है। वैसे तो कुल मिलाकर जिस तरीके इस अभियान को शुरू किया गया था वह अंजाम तक नहीं पहुंच पाया है। तो कहा तो यह भी जा रहा है कि टॉफी वाले डिब्बे गायब हो चुके हैं। इसके साथ ही वो आप-आप वाला पाठ भी शांत चल रहा है। वैसे उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि अब आईपीएस वाली लिस्ट के बाद जल्द ही एसीपी स्तर के अधिकारियों वाली लिस्ट आने वाली है। इस लिस्ट में आधा दर्जन एसीपी स्तर के अधिकारियों के कार्यक्षेत्र और फेस बदल किए जाएंगे कि जानकारी बाहर आई है। अब देखना होगा किसको कमिश्नरेट भेजा जाएगा और कौन जिले में एंट्री पा लेगा। कुल मिलाकर अब लिस्ट का वेट हो रहा है और कौन सिलेक्ट होगा और किसको वेट करना होगा। इस बात पर सबकी निगाहें बनी हुई हैं।

## गाजियाबाद में लागू हुआ स्मार्ट प्रीपेड बिजली सिस्टम

## बैलेंस नेगेटिव होते ही 2000 से ज्यादा कनेक्शन कटे

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जिले में शुक्रवार से स्मार्ट प्रीपेड बिजली व्यवस्था को पूरी तरह लागू कर दिया गया है। शासन के निर्देशों के बाद विद्युत निगम ने बकायेदार उपभोक्ताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है।

दोपहर साढ़े तीन बजे के बाद ऐसे दो हजार से अधिक बिजली कनेक्शनों को काट दिया गया, जिनके स्मार्ट प्रीपेड मीटर में बैलेंस नेगेटिव हो चुका था।

विद्युत निगम के अधिकारियों के अनुसार जिन उपभोक्ताओं पर 20 हजार रुपये से अधिक का बकाया था, उन्हीं के कनेक्शन विच्छेदित किए गए हैं। इन उपभोक्ताओं पर कुल मिलाकर करीब दो करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व बकाया था।

अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी और बकाया न चुकाने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। विद्युत निगम के मुताबिक जोन-प्रथम में करीब 400, जोन-द्वितीय में 1377 उपभोक्ताओं और जोन-तृतीय में करीब साढ़े 400 कनेक्शन काटे गए।

अधिकारियों ने बताया कि यदि किसी उपभोक्ता पर 30 हजार रुपये का बकाया है, तो उसे 30 हजार रुपये से अधिक का रिचार्ज करना होगा। तभी उसके कनेक्शन में बिजली आपूर्ति बहाल हो सकेगी।




### उपभोक्ताओं को फोन कर दी जा रही सूचना

विद्युत निगम की ओर से उपभोक्ताओं को फोन कर उन्हें रिचार्ज कराने के लिए भी सूचित किया गया, ताकि उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। अधिकारियों का कहना है कि उपभोक्ताओं को अपना नेगेटिव बैलेंस पूरा जमा करना होगा, तभी बिजली आपूर्ति बहाल हो सकेगी।

### मोबाइल रिचार्ज की तरह चलेगी बिजली

विद्युत निगम के अनुसार अब स्मार्ट प्रीपेड मीटर वाले उपभोक्ताओं के खाते में बैलेंस समाप्त होते ही बिजली आपूर्ति बंद हो जाएगी। जिले में अब तक दो लाख से अधिक स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, जिनमें से अधिकांश प्रीपेड प्रणाली पर आधारित हैं।

## गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलिज में 80 सिलाई मशीनों का वितरण

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज में 7 दिवसीय कौशल प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत 80 सिलाई मशीनों का वितरण किया गया। गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज में एनएसएस द्वारा आयोजित 7 दिवसीय कौशल एवं सामाजिक सेवा शिविर के पाँचवें दिन एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं के कौशल विकास और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही, छात्राओं को 80 सिलाई मशीनों का वितरण किया गया। इस पहल को नव्या मोदी एवं उनके सहयोगी विद्यार्थियों के द्वारा कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए, नव्या मोदी, कायरा अर्जोई, रियाना मलिक, जिया खन्ना तथा वैदया मोदी द्वारा धनराशि एकत्रित कर महत्वपूर्ण योगदान दिया गया। कार्यक्रम में सिंगर सिलाई मशीन कंपनी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। जिन छात्राओं को सिलाई मशीनें प्रदान की गईं, उन्हें सिंगर कंपनी द्वारा तीन माह का नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण भी दिया गया है। साथ ही सिलाई कार्य से संबंधित सभी आवश्यक किट्स भी बिना किसी शुल्क के उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में कॉलेज के अध्यक्ष प्रो. डॉ. डीके मोदी, रेनू मोदी, निधि मोदी, प्राचार्य डॉ. पूनम शर्मा व एडवाइजर श्रीमती रीता बख्शी सहित कॉलेज के अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्राओं को कौशल आधारित शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।




## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का आध्यात्मिक अंदाज उनके सियासी अंदाज से गहरा है। खोड़ा नगर पालिका के वार्ड में श्रीमद् भागवत कथा आयोजित हुई तो कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा इस कथा में पहुंचे। भगवा श्रीकृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त किया। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने अध्यात्म के इस पल को अपनी फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। सभी क्षेत्रवासियों से सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और मंगलमय जीवन की कामना की। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

## ईरानी विदेश मंत्री का तंज, 'पहले रोका और अब पूरी दुनिया से रूस से तेल खरीदने की भीख मांग रहा अमेरिका'

### भारत समेत दुनिया से रूसी तेल खरीदने की गुहार

### होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों को मिली अनुमति



**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में अमेरिका पर तंज कसा है और कहा है कि जो अमेरिका पहले, भारत समेत दुनियाभर के देशों को रूस से कच्चा तेल न खरीदने का दबाव बना रहा था, अब वही अमेरिका दुनियाभर के देशों से रूस से कच्चा तेल खरीदने की गुहार लगा रहा है।

ईरानी विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने शनिवार को रूसी तेल पर अमेरिका के रुख की आलोचना करते हुए दावा किया कि वाशिंगटन अब दुनिया भर के देशों से, जिसमें भारत भी शामिल है, रूसी कच्चा तेल खरीदने की गुहार लगा रहा है, जबकि पहले उसने रूस से तेल न खरीदने का दबाव डाला था। एक्स पर साझा एक पोस्ट में, अराघची ने कहा, 'अमेरिका ने भारत को रूस से तेल आयात बंद करने के लिए धमकाने में महीनों बिताए। ईरान के साथ दो हफ्ते के युद्ध के बाद, व्हाइट हाउस अब दुनिया से, जिसमें भारत भी शामिल है, रूसी कच्चा तेल खरीदने की भीख मांग रहा है।'

### ईरानी विदेश मंत्री ने यूरोपीय देशों की आलोचना की

ईरानी विदेश मंत्री ने यूरोपीय देशों की भी आलोचना की। उन्होंने दावा किया कि यूरोपीय देश बदले में रूस के खिलाफ अमेरिकी समर्थन की उम्मीद कर रहे हैं। अराघची ने कहा, 'यूरोप ने सोचा था कि ईरान पर अवैध युद्ध का समर्थन करने से उन्हें रूस के खिलाफ अमेरिकी समर्थन मिल जाएगा। यह बहुत ही दयनीय है।' इस बीच, रिपोट्र्स में दावा किया गया है कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच ईरान ने भारत के झंडे वाले दो लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस ( वाहक जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दे दी है। रिपोट्र्स में कहा गया है कि सऊदी अरब का तेल ले जा रहा एक कच्चा तेल टैंकर शनिवार को भारत पहुंचने की उम्मीद है, जो 1 मार्च के आसपास होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरा था।

### ईरान ने भारत के जहाजों को होर्मुज से निकलने की दी अनुमति

इससे पहले, भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फथाली ने पुष्टि की थी कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य से भारत जाने वाले जहाजों को सुरक्षित मार्ग प्रदान करेगा। इस सवाल का जवाब देते हुए कि क्या ईरान भारत जाने वाले जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित गुजरने की अनुमति देगा? तो फथाली ने कहा, 'हां। क्योंकि भारत और हम दोस्त हैं। मुझे लगता है कि दो या तीन घंटे बाद ऐसा हो जाएगा। हमारा मानना है कि ईरान और भारत दोस्त हैं। हमारे साझा हित हैं, हमारा साझा भाग्य है।'
उन्होंने कहा, 'भारत के लोगों का दुख हमारा दुख है और हमारा दुख भारत के लोगों का दुख है। और इसी वजह से, भारत सरकार हमारी मदद करती है, और हमें भारत सरकार की मदद करनी चाहिए, क्योंकि हमारा भविष्य और हमारे हित एक ही हैं।'

## नीदरलैंड के यहूदी स्कूल में धमाका मेयर ने बताया सोची-समझी साजिश

**नीदरलैंड।** नीदरलैंड के एम्स्टर्डम में शनिवार तड़के यहूदी समुदाय से जुड़े एक स्कूल में विस्फोट हुआ, जिससे इमारत को नुकसान पहुंचा। स्काई न्यूज ने डच मीडिया के हवाले से बताया कि एम्स्टर्डम की मेयर फेम्के हालसेमा ने इस घटना को यहूदी समुदाय को निशाना बनाकर किया गया हमला बताया है। उन्होंने कहा कि एम्स्टर्डम में यहूदी लोग लगातार बढ़ती यहूदी-विरोधी घटनाओं का सामना कर रहे हैं, जो पूरी तरह अस्वीकार्य है।

पुलिस और दमकल विभाग ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को जल्द काबू में कर लिया। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि इस घटना में कोई हताहत हुआ है या नहीं।



### पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच हुआ हमला

यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब पश्चिम एशिया में तनाव चरम पर है। अमेरिका और इस्राइल एक ओर, जबकि ईरान और हिजबुल्ला दूसरी ओर आमने-सामने हैं, और क्षेत्र में लगातार बमबारी व सैन्य कार्रवाई जारी है।

### एक दिन पहले हुआ विस्फोट

एम्स्टर्डम की यह घटना रॉटरडैम में एक दिन पहले हुए विस्फोट के बाद सामने आई है। शुक्रवार तड़के डच बंदरगाह शहर रॉटरडैम में एक सिनेगॉग के प्रवेश द्वार पर विस्फोट हुआ, जिससे वहां मामूली आग लग गई। पुलिस ने इस मामले को आगजनी मानते हुए जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों के मुताबिक, इस हमले में कोई घायल नहीं हुआ और आग पर जल्द काबू पा लिया गया।

### किसने ली हमले की जिम्मदारी?

बाद में पुलिस ने रॉटरडैम में एक अन्य सिनेगॉग के पास एक कार में सवार चार किशोरों को हिरासत में लिया। वहीं, नीदरलैंड के एक यहूदी संगठन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दावा किया कि एक इस्लामवादी समूह ने रॉटरडैम विस्फोट का वीडियो ऑनलाइन पोस्ट कर हमले की जिम्मेदारी ली है। संगठन का कहना है कि इसी समूह ने सप्ताह की शुरूआत में बेल्जियम के लीज शहर में एक सिनेगॉग पर हुए हमले की जिम्मेदारी भी ली थी।

## ईरान जंग के बीच ट्रंप ला रहे एसआईआर जैसा अभियान वोट करने के लिए देना होगा नागरिकता का सबूत



**वॉशिंगटन।** अमेरिका में इन दिनों सेव एक्ट की खूब चर्चा है और इसे लेकर घरेलू मोर्चे पर ट्रंप प्रशासन घिरा हुआ है। अमेरिका के इस सेव एक्ट की तुलना भारत में एसआईआर प्रक्रिया से हो रही है। तो आइए जानते हैं कि इसे लेकर क्या विवाद है और क्यों ट्रंप प्रशासन इसे पारित कराने पर तुला हुआ है। अमेरिका की ट्रंप सरकार, ईरान के खिलाफ युद्ध छेड़ने के लिए आलोचकों के निशाने पर है। इसके साथ ही घरेलू मोर्चे पर भी ट्रंप प्रशासन घिरा हुआ है और इसकी वजह है रअश्ए कानून ('सेफगार्ड अमेरिकन वोटर एलिजिबिलिटी एक्ट')। इस कानून के तहत अमेरिका में भी अब लोगों को मतदाता के तौर पर पंजीकरण कराने के लिए अपनी नागरिकता का सबूत देना होगा। यह भारत की एसआईआर प्रक्रिया जैसा ही है। यही वजह है कि इसकी तुलना एसआईआर से की जा रही है।



राष्ट्रपति ट्रंप का कहना है कि वे अमेरिकी चुनावी प्रक्रिया का राष्ट्रीयकरण करना चाहते हैं। अभी अमेरिका की चुनाव प्रक्रिया एक संघीय प्रणाली है जिसमें संविधान प्रत्येक राज्य को अपने-अपने तरीके से चुनाव कराने की छूट देता है। हालांकि अमेरिकी संविधान में प्रावधान है कि अमेरिकी कांग्रेस चुनाव नियमों में बदलाव कर सकती है। अब राष्ट्रपति ट्रंप अपने विधायी बहुमत के दम पर चुनाव प्रक्रिया को बदलने की कोशिश कर रहे हैं। ट्रंप का मानना है कि चुनाव प्रक्रिया में बदलाव के बाद रिपब्लिकन पार्टी लंबे समय तक सत्ता में रहेगा।

**मतदाता पंजीकरण के लिए नागरिकता प्रमाण देना जरूरी होगा :** प्रस्तावित कानून में मतदाता पंजीकरण के लिए नागरिकता के प्रमाण के रूप में अपडेट ड्राइवर लाइसेंस, एक वैध अमेरिकी पासपोर्ट, या जन्म प्रमाण के साथ कोई अन्य वैध सरकारी फोटो आईडी या नागरिकता का प्रमाण दिखाना अनिवार्य होगा।

अभी ईमेल के जरिए भी मतदाता पंजीकरण हो सकता है, लेकिन नए कानून के तहत लोगों को व्यक्तिगत तौर पर चुनाव अधिकारी कार्यालय जाकर पंजीकरण कराना होगा और अपने वैध दस्तावेज पेश करने होंगे।

### जल्द सीनेट में पेश होगा विधेयक

'सेफगार्ड अमेरिकन वोटर एलिजिबिलिटी एक्ट' ( रअश्ए अ३ ) फरवरी में प्रतिनिधि सभा द्वारा पारित किया गया था और अब यह जल्द सीनेट में पेश किया जाएगा। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच, राष्ट्रपति ट्रंप और उनके सहयोगियों इसे पारित करने के लिए दबाव बना रहे हैं। वर्तमान में सीनेट में रिपब्लिकन का बहुमत है, 53-47, और प्रतिनिधि सभा में डेमोक्रेट के 213 के मुकाबले 219 सीटें हैं। हालांकि कई रिपब्लिकन सांसद भी इसके विरोध में हैं।

### लाखों लोगों के मताधिकार से वंचित होने का खतरा

विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी इसके विरोध में है। डेमोक्रेट नेताओं का कहना है कि वे विधेयक को सीनेट में पारित नहीं होने देंगे। मतदान अधिकार कार्यकर्ताओं और नागरिक समाज संगठनों का कहना है कि इस तरह का दस्तावेजीकरण लाखों लोगों को मताधिकार से वंचित कर देगा और खासकर अल्पसंख्यक समुदायों के सदस्यों पर इसका विपरीत असर पड़ेगा। एक सर्वेक्षण से पता चलता है कि दस मतदाताओं में से एक मतदाता जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट या नागरिकता प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज पेश नहीं कर सकेगा। वहीं राष्ट्रपति ट्रंप का मानना है कि डेमोक्रेटिक पार्टी जानबूझकर गैर-नागरिकों को मतदान का अधिकार दे रही है और यह अमेरिका की जनसांख्यिकीय संरचना को बदलने की एक साजिश है।

## यूएस-दक्षिण कोरिया के अभ्यास के बीच उत्तर कोरिया ने दागी 10 मिसाइलें! जापान अलर्ट



**अमेरिका।** उत्तर कोरिया ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त अभ्यास के बीच 10 मिसाइलें दागी हैं। जापान ने भी मिसाइलें दागे जाने की पुष्टि की है। पश्चिम एशिया में विगत दो हफ्ते से जारी युद्ध के बीच उत्तर कोरिया की तरफ से हुई इस कार्रवाई के बाद वैश्विक ताकतों के बीच टकराव बढ़ने की आशंका पैदा हो गई है।

उत्तर कोरिया ने शनिवार को पूर्वी सागर की ओर करीब 10 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा कि यह प्रक्षेपण ऐसे समय किया गया, जब दक्षिण कोरिया और अमेरिका के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास जारी है।

### जापान ने की पुष्टि

दक्षिण कोरिया के जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ (खउर) के मुताबिक, मिसाइलें प्योंगयांग के पास सुनान क्षेत्र से दागी गईं। शुरूआती जानकारी के अनुसार, इन मिसाइलों ने लगभग 350 किलोमीटर तक उड़ान भरी। जापान के रक्षा मंत्रालय ने भी पुष्टि की कि ये हथियार जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र (एऐ) के बाहर समुद्र में गिरे और किसी नुकसान की खबर नहीं है।

### दक्षिण कोरिया ने निगरानी बढ़ाई

दक्षिण कोरियाई सेना ने कहा है कि उसने निगरानी बढ़ा दी है और किसी भी अतिरिक्त लॉन्च की आशंका को देखते हुए पूरी तैयारी बनाए रखी है। सियोल, वॉशिंगटन और टोक्यो इस घटनाक्रम को लेकर आपस में सूचनाएं साझा कर रहे हैं। यह मिसाइल परीक्षण ऐसे वक्त हुआ है, जब अमेरिका और दक्षिण कोरिया का वार्षिक फ्रीडम शील्ड सैन्य अभ्यास 9 मार्च से 19 मार्च 2026 तक चल रहा है। इस अभ्यास का मकसद दोनों देशों की संयुक्त सैन्य क्षमता और युद्धक तैयारियों को परखना बताया गया है। उत्तर कोरिया लंबे समय से अमेरिका-दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यासों को हमले की तैयारी बताता रहा है। इसी पृष्ठभूमि में किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने हाल ही में चेतावनी दी थी कि अगर उत्तर कोरिया की सुरक्षा को चुनौती दी गई तो इसके भयानक परिणाम होंगे।

तनाव इसलिए भी बढ़ा हुआ है क्योंकि पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच दक्षिण कोरिया में तैनात अमेरिकी मिसाइल रक्षा प्रणालियों, जैसे ळऌअअऊ और पैट्रियट, के संभावित पुनर्स्थापन को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। हालांकि सियोल ने कहा है कि इससे उत्तर कोरिया के खिलाफ सहयोगी देशों की रक्षा स्थिति पर असर नहीं पड़ेगा।

### दक्षिण कोरिया और उत्तर कोरिया के रिश्ते सुधारने की कोशिश जारी

इस बीच, उत्तर कोरिया के साथ रुके हुए संवाद को फिर से शुरू करने की कोशिशें भी जारी हैं। गुरुवार ( 12 मार्च) को दक्षिण कोरिया के प्रधानमंत्री ने वाशिंगटन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की। इस बैठक में उत्तर कोरिया के साथ 2019 से ठप पड़े संवाद को दोबारा शुरू करने के तरीकों पर चर्चा की गई। दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय तनाव कम करने और बातचीत की संभावनाओं को आगे बढ़ाने की इच्छा जताई है।

2019 में अमेरिका और उत्तर कोरिया के बीच परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत ठप पड़ने के बाद से प्योंगयांग लगातार मिसाइल और हथियार परीक्षणों के जरिए दबाव की राजनीति करता रहा है। ताजा लॉन्च को भी संयुक्त सैन्य अभ्यास के जवाब में शक्ति प्रदर्शन के तौर पर देखा जा रहा है।

## ईरान का सऊदी अरब पर ताबड़तोड़ हमला

## प्रिंस सुल्तान एयर बेस को बनाया निशाना पांच अमेरिकी विमान क्षतिग्रस्त




**रियाद।** पश्चिम एशिया में भड़की जंग अब और खतरनाक मोड़ लेती दिख रही है। दो हफ्तों से जारी इस संघर्ष के बीच ईरान ने अब सऊदी अरब में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकाने पर जोरदार वार कर दिया। रिपोर्ट के मुताबिक ईरान ने प्रिंस सुल्तान एयर बेस को निशाना बनाते हुए मिसाइल हमला किया, जिससे अमेरिकी वायुसेना के पांच एयर-टैंकर विमान जमीन पर ही क्षतिग्रस्त हो गए।

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष दिन-प्रतिदिन और भयावह होता जा रहा है। अमेरिका और इस्राइल के भीषण हमलों से दहक रहे मोर्चे पर ईरान भी जोरदार पलटवार कर रहा है। मिसाइलों और ड्रोन की गरज के बीच यह संघर्ष अब 15वें दिन में प्रवेश कर चुका है और पूरे क्षेत्र में तनाव चरम पर है। इसी उग्र हालात के बीच सऊदी अरब से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि ईरान ने सऊदी अरब में मौजूद अमेरिकी एयरबेस पर ताबड़तोड़ हमला किया, जिसमें अमेरिकी वायुसेना के कई विमान क्षतिग्रस्त हो गए।

इसके साथ ही ईरान ने सऊदी के प्रिंस सुल्तान एयर बेस को भी निशाना बनाया और खूब बम बरसाए। इन हमलों में वहां खड़े पांच अमेरिकी वायु सेना के पांच रिफ्यूअलिंग (तेल भरने वाले) विमान क्षतिग्रस्त हो गए। सूत्रों के अनुसार, विमान पूरी तरह नष्ट नहीं हुए हैं और उन्हें मरम्मत के लिए भेजा गया है। हमले में किसी के घायल होने या मौत की सूचना नहीं मिली है। पश्चिमी इराक से कुवैत तक इससे पहले, पश्चिमी इराक में एक अमेरिकी केसी135 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में विमान पर सवार सभी छह क्रू मेंबर की मौत हो गई थी। इसके अलावा, एक मार्च को कुवैत में तीन अमेरिकी F15 लड़ाकू विमान फ्रेंडली फायर की वजह से गिर गए।

### पश्चिम एशिया में संघर्ष सातवें आसमान पर

गौरतलब है कि पश्चिम एशिया पिछले 15 दिनों से बारूद की ढेर पर खड़ा है। इसकी शुरूआत 28 फरवरी को अमेरिका और इस्राइल की तरफ से ईरान पर ताबड़तोड़ हमले के साथ शुरू हुई थी, जिसमें ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत भी हो गई थी। इसके बाद से ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई के तौर पर इस्राइल और खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी ठिकानों पर खूब बमबारी की, जिसके बाद से पश्चिम एशिया में तनाव सातवें आसमान पर पहुंच गया है और इसका असर पूरी दुनिया पर देखने को मिल रहा है।

## पाकिस्तान पर अफगानिस्तान का पलटवार

### कुनार-नंगरहार प्रांत में मारे गए 14 पाकिस्तानी सैनिक



**काबुल।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सीमा क्षेत्र डूरंड लाइन पर तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि उसकी सेना ने पाकिस्तान की सैन्य चौकियों पर कार्रवाई की, जिसमें कई पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और कुछ घायल हुए। यह कार्रवाई पाकिस्तान की ओर से पहले किए गए हवाई हमलों और गोलाबारी के जवाब में की गई बताई जा रही है।

अफगान रक्षा मंत्रालय के अनुसार, अफगान सेना ने पूर्वी क्षेत्र के कुनार और नंगरहार प्रांतों में ड्यूरंड लाइन के पास सैन्य ऑपरेशन चलाया। मंत्रालय का कहना है कि इस कार्रवाई में पाकिस्तान के 14 सैनिक मारे गए और 11 घायल हुए। इसके अलावा एक बख्तरबंद टैंक और एक सैन्य वाहन भी पूरी तरह नष्ट कर दिया गया। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने कहा कि यह ऑपरेशन पाकिस्तान की सेना द्वारा किए गए हमलों के जवाब में किया गया।

### रणनीतिक सैन्य केंद्र हमजा पर हवाई हमला- अफगान सेना

अफगानिस्तान ने यह भी दावा किया कि उसकी वायुसेना ने पाकिस्तान के एक रणनीतिक सैन्य केंद्र हमजा पर हवाई हमला किया। यह हमला रिजेक्ट ऑप्रेशन नाम के जवाबी अभियान के तहत किया गया बताया गया है। अफगान सरकार का कहना है कि जब तक पाकिस्तान की तरफ से हमले बंद नहीं होते, तब तक उनकी जवाबी कार्रवाई जारी रहेगी।

### पीएएफ ने अफगानिस्तान में किए थे हवाई हमले

इससे पहले पाकिस्तान की वायुसेना ने अफगानिस्तान में कई जगहों पर हवाई हमले किए थे। अफगान अधिकारियों के मुताबिक इन हमलों में नागरिक ढांचे को नुकसान पहुंचा। अफगान एयरलाइन काम एयर के अधिकारियों ने बताया कि कंधार हवाई अड्डे पर रखा गया ईंधन भंडार भी पाकिस्तानी हवाई हमले में प्रभावित हुआ। यह ईंधन इस साल की हज उड़ानों के लिए रखा गया था, जिससे अब उड़ानों पर असर पड़ने की आशंका है।

## सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई पर एक करोड़ डॉलर का इनाम अमेरिका ने ईरानी नेतृत्व को घोषित किया वांछित




**वॉशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। इसी कड़ी में अमेरिका ने ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई और उनसे जुड़े कई वरिष्ठ अधिकारियों के बारे में जानकारी देने पर बड़ा इनाम घोषित किया है। अमेरिकी विदेश विभाग के रिवॉर्ड्स फॉर जस्टिस के तहत इन लोगों के बारे में ठोस जानकारी देने वाले को अधिकतम एक करोड़ डॉलर तक का इनाम दिया जा सकता है। यह कदम ईरान की सैन्य और सुरक्षा संरचना से जुड़े नेटवर्क पर दबाव बढ़ाने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।

अमेरिकी विदेश विभाग की डिप्लोमैटिक सिक्योरिटी सर्विस ने एक बैनर जारी कर उन लोगों की सूची सार्वजनिक की है जिनके बारे में जानकारी मांगी जा रही है। इस सूची में मोजतबा खामेनेई के अलावा उनके पिता के पूर्व डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ अली असगर हेजाजी और ईरान के वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी अली लारीजानी का नाम भी शामिल है। अमेरिका का कहना है कि ये लोग ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स यानी आईआरजीसी से जुड़े अहम फैसलों और गतिविधियों में भूमिका निभाते हैं।

### किन-किन अधिकारियों के बारे में जानकारी मांगी गई है?


अमेरिका की ओर से जारी सूची में कई और वरिष्ठ अधिकारियों के नाम भी शामिल हैं। इनमें ईरान के सर्वोच्च नेता के वरिष्ठ सैन्य सलाहकार याह्या रहीम सफावी, ईरान के गृह मंत्री इस्कंदर मोमेनी और खुफिया मंत्री इस्माइल खतीब का नाम भी बताया गया है। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि इन सभी लोगों का संबंध उन नेटवर्क से है जो आईआरजीसी की गतिविधियों से जुड़े माने जाते हैं। जारी बैनर में चार अहम पदों का भी उल्लेख किया गया है, हालांकि इन पदों पर बैठे लोगों के नाम नहीं बताए गए हैं।

इनमें सुप्रीम डिफेंस काउंसिल के सचिव, सर्वोच्च नेता के सैन्य कार्यालय के प्रमुख, इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के कमांडर-इन-चीफ और ईरान के सर्वोच्च नेता के एक वरिष्ठ सलाहकार का पद शामिल है।

## जेडी वेंस का दावा- ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लिए अमेरिका का सैन्य अभियान

**नई दिल्ली।** जेडी वेंस ने कहा कि अमेरिका ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लिए ऑपरेशन एपिक फ्यूरी के तहत सैन्य कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने बताया कि यह कदम राष्ट्रपति ट्रंप की नीति के तहत उठाया गया है।

वहीं ट्रंप ने दावा किया कि हमलों से ईरान की सैन्य क्षमता को गंभीर नुकसान पहुंचा है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका एक सैन्य अभियान चला रहा है, जिसे आधिकारिक तौर पर 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' के नाम से जाना जाता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ईरान कभी भी परमाणु हथियार हासिल न कर सके। उन्होंने अमेरिकी नागरिकों से विदेशों में तैनात सैनिकों के लिए प्रार्थना करने का भी आग्रह किया।



रॉकी माउंट में एक संबोधन के दौरान जेडी वेंस ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने से रोकना है। उन्होंने दोहराया कि यह राष्ट्रपति की कही हुई बात है कि ईरान को कभी भी परमाणु हथियार हासिल करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### ईरान पर हमले की बताई वेंस ने वजह

वेंस ने यह भी कहा कि पिछले अमेरिकी राष्ट्रपतियों ने भी इसी तरह की चिंताएं व्यक्त की थीं, लेकिन डोनाल्ड ट्रंप ने तेहरान को परमाणु हथियार प्राप्त करने से रोकने के लिए ठोस कदम उठाए थे।

उन्होंने इस सिद्धांत को सरल और सीधा बताते हुए कहा कि हर राष्ट्रपति ने इस पर विश्वास व्यक्त किया है। डोनाल्ड ट्रंप ने यह सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं कि ईरान कभी भी परमाणु हथियार हासिल न कर सके।

### अमेरिकी सैनिकों के लिए प्रार्थना का आग्रह

जेडी वेंस ने विदेशों में तैनात अमेरिकी सैनिकों के जोखिमों को भी स्वीकार किया और लोगों से प्रार्थना करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि उत्तरी कैरोलिना के कई लोग इस समय खतरे में हैं। उन्होंने सभी से, न केवल उत्तरी कैरोलिना के लोगों के लिए, बल्कि हमारे सभी 50 राज्यों के उन लोगों के लिए प्रार्थना करने का आग्रह किया, जो वर्दी पहनते हैं और अमेरिका की सुरक्षा, संरक्षा और स्वतंत्रता के लिए बलिदान देने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिकी नागरिकों को उन लोगों का समर्थन दिखाना चाहिए, जो अमेरिका की सुरक्षा, संरक्षा और स्वतंत्रता के लिए बलिदान देने को तैयार हैं।

### ट्रंप ने ईरान के हालात पर क्या कहा?

इससे पहले, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फॉक्स न्यूज को बताया कि उन्हें लगता है कि ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई जीवित हैं, लेकिन घायल हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका ईरान को 'तबाह' कर रहा है और फारस की खाड़ी के देश को द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से किसी भी अन्य देश की तुलना में अधिक नुकसान हुआ है।

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY
غازی آباد ڈویلپمنٹ اتھارٹی

# गाजियाबाद के रामलीला मैदान में आज गूंजेगी हनुमान चालीसा

## 108 कुण्डीय महायज्ञ की तैयारियां पूर्ण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** चिन्मय मिशन गाजियाबाद द्वारा अपनी स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे 'अमृत महोत्सव' की श्रृंखला में आगामी 15 मार्च, 2026 को एक ऐतिहासिक आध्यात्मिक समागम होने जा रहा है। कविनगर स्थित रामलीला मैदान में '108 कुण्डीय श्री हनुमान चालीसा यज्ञ' का आयोजन किया जाएगा, जो नगर को एक नई आध्यात्मिक पहचान प्रदान करेगा।

ब्रह्मलीन स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती जी द्वारा स्थापित चिन्मय मिशन के इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज के हर वर्ग, विशेषकर युवाओं को हनुमान जी के बल, बुद्धि, विद्या, विवेक और वैराग्य जैसे गुणों से जोड़ना है। मिशन की आचार्य पूज्य ब्रह्मचारिणी प्रणति चैतन्य के संकल्प को साकार करने के लिए संस्था के अध्यक्ष वेदप्रकाश बंसल, सचिव योगेश कंसल और कोषाध्यक्ष विजय मित्तल के नेतृत्व में भव्य तैयारियां की गई हैं। यज्ञ का शुभारंभ प्रातः 6:30 बजे पूज्य स्वामी शारदानन्द सरस्वती जी द्वारा विधिवत पूजन एवं हवन के साथ होगा। इसके पश्चात प्रातः 8:30 बजे से 108 यज्ञ कुंडों में अग्नि स्थापित कर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं आहुतियों का क्रम प्रारंभ होगा। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि वैदिक यज्ञों के लिए विशिष्ट पात्रता की आवश्यकता होती है, किंतु यह यज्ञ 'सर्वजन हिताय' है, जिसमें प्रत्येक श्रद्धालु को आहुति देने की स्वतंत्रता प्रदान की गई है। कार्यक्रम के गरिमापूर्ण आयोजन के लिए प्रशासनिक एवं राजनैतिक सहयोग भी प्राप्त हुआ है।

प्रातः काल मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मादंड उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के समापन सत्र में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में अपनी सहभागिता देंगे।

# 270 करोड़ जल शुल्क बकाया, कार्रवाई की चेतावनी

## 31 मार्च तक जमा करें पानी का बकाया बिल, नहीं तो कट सकता है कनेक्शन




**ग्रेटर नोएडा।** शहर के हजारों पानी उपभोक्ताओं के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। यदि किसी उपभोक्ता ने अभी तक पानी का बकाया बिल जमा नहीं किया है तो उसे 31 मार्च से पहले जमा करना जरूरी है। ऐसा नहीं करने पर 1 अप्रैल से बकाया राशि पर पूरे वित्तीय वर्ष 2026-27 का ब्याज जोड़ दिया जाएगा। इसके साथ ही प्राधिकरण बकायेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है, जिसमें पानी के कनेक्शन काटना भी शामिल है।

जानकारी के अनुसार ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में करीब 51 हजार से अधिक पानी के कनेक्शन हैं। इनमें से लगभग 29 हजार कनेक्शनों पर करीब 270 करोड़ रुपये का जल शुल्क बकाया है। सबसे अधिक बकाया बिल्डर सोसाइटियों पर है। आंकड़ों के मुताबिक करीब 92 बिल्डर सोसाइटियों पर लगभग 150 करोड़ रुपये का जल शुल्क बकाया चल रहा है। इसके अलावा 28 हजार से अधिक आवासीय संपत्तियों, 6 आईटी इकाइयों, 321 संस्थागत इकाइयों, 763 औद्योगिक इकाइयों, 20 आवासीय समितियों और 21 व्यावसायिक संपत्तियों पर भी जल शुल्क बकाया है।

प्राधिकरण की ओर से कई बार नोटिस जारी किए जाने के बावजूद बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने अब तक बिल जमा नहीं किया है। हालांकि अब तक निवासियों को असुविधा से बचाने के लिए जल विभाग ने सख्ती नहीं की थी, लेकिन अब प्राधिकरण बकायेदारों के खिलाफ कार्रवाई के मूड में है। अधिकारियों के मुताबिक जो उपभोक्ता 31 मार्च तक बकाया राशि जमा नहीं करेंगे, उनके पानी के कनेक्शन काटे जा सकते हैं।

उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए प्राधिकरण ने ऑनलाइन बिल देखने और भुगतान करने की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई है। आवंटी प्राधिकरण की वेबसाइट पर जाकर अपना बकाया बिल देख सकते हैं और वहीं से भुगतान भी कर सकते हैं। जिन उपभोक्ताओं की केवाईसी अपडेट है, उन्हें जल शुल्क से संबंधित जानकारी मैसेज और ई-मेल के माध्यम से भी भेजी गई है।

यदि किसी उपभोक्ता को बकाया बिल या भुगतान से संबंधित कोई जानकारी चाहिए तो वे वरिष्ठ प्रबंधक (जल) के मोबाइल नंबर 9205691408 पर संपर्क कर सकते हैं। प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव ने कहा कि शहर में जलापूर्ति सुनिश्चित करना प्राधिकरण की जिम्मेदारी है, वहीं समय पर पानी का बिल जमा करना आवंटियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि जल शुल्क से प्राप्त राशि का उपयोग शहर के जलापूर्ति नेटवर्क को बेहतर बनाने और नई सुविधाएं विकसित करने में किया जाता है।

एसीईओ ने सभी बकायेदारों से अपील की है कि वे 31 मार्च से पहले अपना बकाया जल शुल्क जमा कर दें, ताकि बढ़े हुए ब्याज या सख्त कार्रवाई से बचा जा सके।

# राकेश कुमार शर्मा चुने गए मोदीनगर तहसील लेखपाल संघ के अध्यक्ष



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की गाजियाबाद की शाखा मोदीनगर तहसील की कार्यकारिणी का गठन किया गया है। कार्यकारिणी में राकेश कुमार शर्मा को अध्यक्ष चुना गया है। उनके अलावा उपाध्यक्ष पद पर निशांत त्यागी, सचिव पद पर मनोज कुमार, उपसाची उत्पादन पर नेहा शर्मा, कोषाध्यक्ष पद पर जसवीर सिंह को चुना गया। वैशाली गोयल को ऑडिटर की जिम्मेदारी दी गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि कार्यकारिणी लेखपालों के हित के लिए कार्य करती रहेगी इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष राम सिंह बिर्दी भी मौके पर मौजूद थे।

# प्रदेश के अपर मुख्य सचिव ने राया अर्बन सेंटर व हैरिटेज सिटी परियोजना का निरीक्षण

## बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश



**नोएडा।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) द्वारा जनपद मथुरा क्षेत्र में विकसित किए जा रहे राया अर्बन सेंटर व हैरिटेज सिटी परियोजना का शनिवार को उत्तर प्रदेश सरकार में अपर मुख्य सचिव औद्योगिक विकास एवं यीडा अध्यक्ष आलोक कुमार ने स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों संग बैठक कर विभिन्न परियोजनाओं के लिए यथाशीघ्र भूमि का अधिग्रहण करने के निर्देश दिए।

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) द्वारा राया अर्बन सेंटर व हैरिटेज सिटी परियोजना मथुरा में विकसित की जा रही एक प्रमुख परियोजना है, जो 753 एकड़ में बसाई जाएगी। इसका उद्देश्य वृंदावन के पास एक विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल और आधुनिक शहर बनाना है। इस परियोजना का उद्देश्य भगवान श्री कृष्ण के ब्रज क्षेत्र की विरासत को संरक्षित करते हुए पर्यटन को बढ़ावा देना है, जिसमें बांके बिहारी मंदिर तक एक नया ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे भी बनाया जाएगा। इस मामले में शनिवार को अपर मुख्य सचिव एवं यीडा अध्यक्ष आलोक कुमार यमुना प्राधिकरण द्वारा जनपद मथुरा के अंतर्गत राया अर्बन सेंटर व हैरिटेज सिटी परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने राया अर्बन सेंटर में औद्योगिक भू-उपयोग की 64 हैक्टेयर साइट एवं हैरिटेज सिटी साइट एवं सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) द्वारा प्रस्तावित वृंदावन बायपास साइट का स्थलीय निरीक्षण किया।


निरीक्षण के बाद अपर मुख्य सचिव द्वारा वृंदावन स्थित यमुना प्राधिकरण के क्षेत्रीय कार्यालय में परियोजना के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक कर विस्तृत समीक्षा की तथा परियोजना के लिए त्वरित गति से भू अर्जन कर परियोजना का क्रियान्वयन करने को निर्देशित किया गया।

बैठक में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी शैलेंद्र कुमार भाटिया द्वारा प्रस्तावित हैरिटेज सिटी परियोजना, श्री बांके बिहारी के लिए पार्किंग, प्राधिकरण की आवासीय व कमर्शियल प्रयोजना का प्रस्तुतीकरण किया गया। बैठक में प्राधिकरण के सभी वरिष्ठ अधिकारियों अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी राजेश कुमार, ओएसडी शैलेंद्र कुमार सिंह, जीएम प्रोजेक्ट राजेन्द्र भाटी सहित परियोजना विभाग, नियोजन विभाग, विद्युत विभाग के अधिकारी शामिल रहें।

## शहीद नगर में रोशनी से जगमगाई मुख्य सड़क

# पार्षद खुर्शीदा बेगम के प्रयासों से लगे सात नए स्ट्रीट लाइट पोल





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शहीद नगर वार्ड-34 की निगम पार्षद खुर्शीदा कल्लन के अथक प्रयासों से विकास कार्य को गति मिली है। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा वार्ड के मुख्य 'चुना भट्टी रोड' पर सात नए बिजली के खंभे लगाकर उन पर आधुनिक स्ट्रीट लाइटें लगवाई गई।

इस विकास कार्य के पूरा होने पर क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर हाजी मोहम्मद कल्लन की उपस्थिति में स्थानीय गणमान्य लोगों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया और पार्षद के प्रति आभार व्यक्त किया। लोगों का कहना है कि मुख्य मार्ग पर अंधेरा होने के कारण राहगीरों को काफी परेशानी होती थी, जो अब दूर हो गई है। इस अवसर पर पंडित गोपीमोहन, गौरव शर्मा, मोहम्मद अजीम मंसूरी, मोहम्मद अजाज खान, काशिफ खान, शालू खाँ, राजू मंसूरी, निसरुद्दीन मंसूरी, अमरुद्दीन मंसूरी, त्यागी जी, अभिषेक, अमित, शाहिद आदि। स्थानीय निवासियों ने पार्षद द्वारा कराए जा रहे अन्य विकास कार्यों की भी सराहना की और भविष्य में इसी प्रकार के जनहित कार्यों की उम्मीद जताई।

# एलपीजी की कीमतों में भारी वृद्धि के खिलाफ आम आदमी पार्टी का हल्ला बोल

## राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों और रसोई गैस की आसमान छूती कीमतों के खिलाफ 'आम आदमी पार्टी' ने मोर्चा खोल दिया है। शनिवार को आम आदमी पार्टी के गाजियाबाद जिला अध्यक्ष निमित यादव के नेतृत्व में कार्यकताओं ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि बढ़ी हुई कीमतें वापस नहीं ली गईं, तो आम जनता के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपते हुए जिला अध्यक्ष निमित यादव ने कहा कि घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में 160 रुपए और कमर्शियल सिलेंडर में 120 रुपए की हालिया वृद्धि ने गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों का बजट बिगाड़ दिया है। उन्होंने कहा, यह महंगाई दैवीय आपदा नहीं, बल्कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों का परिणाम है।

आप नेता ने आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि गैस की बढ़ती कीमतों के कारण छोटे व्यापारियों का अस्तित्व खतरे में है। मुंबई में लगभग 20 प्रतिशत होटल और रेस्टोरेंट बंद हो चुके हैं। तमिलनाडु में 10 हजार और पंजाब-दिल्ली में हजारों व्यवसाय ठप होने की कगार पर हैं। गुजरात के मोरबी में 170 उद्योगों के बंद होने से करीब एक लाख लोग बेरोजगार हो गए हैं। निमित यादव ने अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों का जिक्र करते हुए केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि अमेरिका के दबाव में रूस से सस्ता तेल न खरीदने के कारण देश को सालाना 8 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है। उन्होंने ऊर्जा आपूर्ति के लिए महत्वपूर्ण 'स्ट्रेट ऑफ हार्मुज' में बढ़ते तनाव और वैश्विक शांति पर सरकार की चुप्पी पर भी चिंता व्यक्त की। आम आदमी पार्टी ने आशंका जताई है कि यदि महंगाई और लागत पर लगाम नहीं लगाई गई, तो देशभर में लगभग 1 करोड़ लोग बेरोजगार हो सकते हैं। पार्टी ने महामहिम राष्ट्रपति से हस्तक्षेप की मांग करते हुए केंद्र सरकार को जनहित में कीमतें घटाने के निर्देश देने की अपील की है।

# परसंदी देवी पब्लिक स्कूल में स्व. रामनाथ त्यागी की द्वितीय पुण्यतिथि पर हवन





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** परसंदी देवी पब्लिक स्कूल में विद्यालय के पूर्व प्रधान एवं पूर्व प्रधानाचार्य स्वर्गीय श्री रामनाथ त्यागी की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर शनिवार को श्रद्धापूर्वक हवन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों ने श्रद्धा, समर्पण और पूर्ण निष्ठा के साथ भाग लिया। हवन के दौरान पूरे परिसर में भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिकता का वातावरण बना रहा। उपस्थित सभी लोगों ने स्वर्गीय रामनाथ त्यागी के शिक्षा क्षेत्र में दिए गए योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रिंसिपल मुकेश त्यागी सहित नगेंद्र त्यागी, स्वास्तिक त्यागी और शिवम त्यागी भी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर स्वर्गीय रामनाथ त्यागी को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके व्यक्तित्व व कृतित्व को याद किया।

# गैस की किल्लत ने महाराजा अग्रसेन रसोई के भंडारे का चूल्हा किया ठंडा

## स्थिति सामान्य होने तक भंडारा अनिश्चितकाल के लिए बंद




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** डायमंड बैंक कवि नगर औद्योगिक क्षेत्र के पास, पिछले 7 वर्षों से निरंतर चलने वाला भंडारा गैस की किल्लत का शिकार हो गया।

गैस के सिलेंडर न मिलने के कारण इस भंडारे को ट्रस्ट ने 14 मार्च से स्थिति सामान्य होने तक बंद करने का निर्णय लिया है। महाराजा अगसेन जन कल्याण सेवा ट्रस्ट की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सिलेंडर उपलब्ध न होने के कारण,जो भंडारा कोरोना काल में भी बंद नहीं हो पाया उसे अब एलपीजी गैस न मिलने के कारण स्थगित किया जाए नवनिर्वाचित अध्यक्ष जितेंद्र मित्तल ,महामंत्री कुलदीप गुप्ता ने यह निर्णय लिया इस निर्णय में मुख्य संरक्षक वी के अग्रवाल, मुख्य संरक्षक संदीप सिंघल मुख्य संरक्षक डॉ. राजेश गुप्ता पूर्व अध्यक्ष सतीश मित्तल,कोषाध्यक्ष प्रदीप सिंघल, सह कोषाध्यक्ष राजीव गुप्ता, ट्रस्टी गणआशु बिंदल प्रदीप गुप्ता नवीन अग्रवाल राजीव सिंघल सहित सभी ने अपनी सहमति जताई है।

वीके अग्रवाल ने बताया कि इस भंडारे में दोपहर 12:30 बजे से 3:00 बजे तक लगभग 800 से अधिक जरूरतमंद व्यक्ति मात्र 10 रुपए देकर भरपेट भोजन किया करते थे गैस की कीमत हो जाने के कारण अब उनको बहुत बड़ी दिक्कत आई लेकिन खाना बनाने के लिए जब कैसी उपलब्ध नहीं होगी तब किस तरह सेवा की जाएगी उन्होंने जिला प्रशासन से अनुरोध किया है कि इस जनहित के कार्य में प्राथमिकता के आधार पर यदि दो सिलेंडर रोज उपलब्ध करा दी जाए तो यह भंडारा पीने व्यक्तियों की पेट की भूख को मिटाने में पीछे नहीं रहेगा।

ॐ शांति

हमारी पूज्य माताजी श्रीमती वेदवती यादव ( धर्मपत्नी - स्वर्गीय बद्री प्रसाद यादव )
का स्वर्गवास दिनांक 4 मार्च 2026 को हो गया है।



01-01-1937 - 04-03-2026

दिवंगत आत्मा की शान्ति एवं सदगति हेतु
**तेरहवीं एवं शांति पाठ**
का आयोजन नियमानुसार रखा गया है :

16, मार्च 2026

कार्यक्रम विवरण :

- ब्राह्मभोज : दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक
- शांति पाठ : दोपहर 3 बजे से 4 बजे तक

स्थान : वेडिंग क्राउन बैंक्विट (रोयल हाल)
सेक्टर 74 नोएडा

**शोकाकुल परिवार**
बीना यादव - धर्मपत्नी स्व: हरिमोहन यादव (पुत्र)
निर्मल यादव व दयाराम यादव (पुत्री व दामाद)
बीना यादव व राकेश यादव (पुत्री व दामाद)
हार्दिक यादव , अर्पित यादव ( पौत्र )
सृष्टि यादव व स्वतंत्र यादव (पौत्री व दामाद)
उपासना यादव व मयंक गुलयानी (पौत्री व दामाद)
एवं समस्त यादव परिवार

**विनीत :**
धीरज सिंह यादव
इन्जीनियर
मेरठ विकास प्राधिकरण
9810863409

## गैस संकट को लेकर प्रशासन सतर्क

# छापेमारी में कालाबाजारी के नहीं मिले सबूत, लेकिन उपभोक्ता परेशान



**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर में एलपीजी गैस सिलेंडर की कथित किल्लत और कालाबाजारी की शिकायतों के बीच जिला प्रशासन ने अपनी जांच तेज कर दी है। प्रशासन का दावा है कि फिलहाल जिले में गैस की कोई कमी नहीं है और जो माहौल बनाया जा रहा है, वह महज अफवाह है। हालांकि, जमीनी हकीकत इसके उलट दिख रही है, जहां गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की भीड़ सिलेंडर के लिए तरस रही है।

जिलाधिकारी मेघा रूपम के निर्देशन में गठित चार संयुक्त टीमें लगातार अलग-अलग गैस एजेंसियों और पेट्रोल पंपों पर छापेमारी कर रही हैं। इन टीमों में खाद्य और रसद विभाग, नापतोल विभाग और संबंधित तेल कंपनियों के अधिकारी शामिल हैं। शुक्रवार को तहसील दादरी क्षेत्र के अंतर्गत 14 गैस एजेंसियों पर विशेष जांच अभियान चलाया गया। प्रशासन का कहना है कि इन एजेंसियों पर पर्याप्त मात्रा में स्टॉक पाया गया और कालाबाजारी के कोई सबूत नहीं मिले। जनपद में कुल 65 गैस एजेंसियां हैं, जिनमें इंडियन ऑयल की 13, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम की 26-26 एजेंसियां शामिल हैं।

अधिकारियों के मुताबिक कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है और स्टॉक की नियमित जांच की जा रही है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि सिलेंडर की नापतोल भी सुनिश्चित की जा रही है ताकि उपभोक्ताओं के साथ किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो। लेकिन इस जांच के दौरान भी गैस एजेंसियों के बाहर उपभोक्ताओं की लंबी कतारें देखी गईं। प्रवासी मजदूरों के लिए यह समस्या और विकराल हो गई है। रोजगार की तलाश में देशभर से नोएडा और ग्रेटर नोएडा आने वाले इन मजदूरों के पास अक्सर गैस कनेक्शन नहीं होते। ऐसे में वे बिना कनेक्शन के मिलने वाले एलपीजी सिलेंडर पर निर्भर रहते हैं। बाजार में इन सिलेंडरों की कमी की सूचना है, जिससे उनके सामने खाना पकाने का संकट खड़ा हो गया है।

# बेरोजगारों को एमएनसी में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला साइबर अपराधी पकड़ा




**नोएडा।** मल्टीनेशनल कंपनियों (एमएनसी) में नौकरी दिलाने के नाम पर बेरोजगार युवकों को कॉलिंग (फोन) कर ठगी करने वाले एक शातिर साइबर अपराधी को थाना साइबर क्राइम पुलिस व थाना फेस-वन पुलिस ने संयुक्त प्रयास से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त अब तक कई लोगों को ठगी का शिकार बना चुका है।

डीसीपी साइबर ने बताया कि मल्टी नेशनल कंपनियों (एमएनसी) में जॉब के नाम पर कॉल कर धोखाधड़ी से म्यूल बैंक खातों में पैसा प्राप्त कर हो रही साइबर ठगी करने वाले तथा एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज शिकायतों में प्रयुक्त संदिग्ध मोबाइल नंबरों की तकनीकी जाँच व लोकल इंटेलीजेंस की सूचना के आधार पर साइबर अपराधी सचिन कुमार मण्डल को गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने बताया कि यह साइबर अपराधी फैशन एण्ड रिटेल फर्म की आड़ में आम व्यक्तियों को स्टेप हैड कम्पनी के नाम से फोन कर मल्टीनेशनल कंपनियों में जॉब दिलाने के नाम पर ठगी करता था। अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाना साइबर क्राइम नोएडा में अभियोग पंजीकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त के अन्य आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी एकत्र की जा रही है।